# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**दुश्मनों को घर में ही नेस्तानाबूद करने की तैयारी**

## आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के साथ-साथ सेनाओं और सुरक्षा एजेंसियां भी एक्शन में है। एक दिन पहले पाकिस्तान पर सरकार ने कई प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं गुरुवार को भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में आईएनएस सूरत पर मिसाइल का परीक्षण किया गया है। इसके साथ ही नौसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

**क्या है आईएनएस सूरत?**

आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।



**सिंधु जल संधि रोकने से बौखलाया पाकिस्तान**

## शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से 'स्थगित'

भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद में लिए गए फैसलों के मुताबिक शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किए गए। भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किए। पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग में स्थित सैन्य सलाहकारों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा है। सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर भारतीयों के लिए सार्क वीजा छूट के तहत मिले वीजा को निलंबित करने का भी निर्णय लिया गया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी व्यापार को निलंबित कर दिया, जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से मार्ग भी शामिल हैं।

**पाक के राजनयिक आधी रात को तलब कहा- भारत छोड़ें**

इससे पहले बुधवार की आधी रात विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद को भी तलब किया। भारत सरकार ने साद को औपचारिक 'पर्सोना नॉन ग्राटा' नोट सौंपा। पर्सोना नॉन ग्राटा का सीधा मतलब यह होता है कि किसी राजनयिक या विदेशी व्यक्ति को किसी विशेष देश में प्रवेश या रहने से मना करना। भारत ने पाकिस्तान के सैन्य राजनयिकों के लिए ये नोट थमाया है। इसके बाद उन्हें एक हफ्ते के भीतर भारत छोड़ना होगा। इसी के साथ दिल्ली स्थित पाक दूतावास का सारी सुरक्षा को वापस ले लिया गया।

**पीएम मोदी ने दिया पूरी दुनिया को साफ संदेश**

**अब आतंकियों व उनके आकाओं को 'मिट्टी में मिलाने' का वक्त**



*पीएम मोदी ने दो टूक कहा- अब आतंकियों व उनके पनाहागारों को मिट्टी में मिलाने का वक्त, पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी, इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में हैं, वह सब हमारे साथ। मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा।*

## पाकिस्तान से अब 'आर-पार' का होगा हिसाब

# छिपे आतंकियों के ठिकानों और साजिशकर्ताओं पर हमला तय, दिन-वक्त और स्थान का इंतजार

- गृहमंत्री अमित शाह व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सौंपी दो लाल किताबें, पहलगाम अटैक की दी ब्रीफिंग
- जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस समेत सभी बड़े देशों के राजनयिकों को बुलाकर विदेश मंत्रालय ने भारत की मंशा से कराया अवगत
- दिल्ली स्थित पाक दूतावास की सारी सुरक्षा को वापस ले लिया गया बैरिकेडिंग हटा दी गई

**जो भारतीय नागरिक इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी गई है**

**सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी आज से श्रीनगर में डालेंगे डेरा**

पहलगाम हमले के बाद अब भारत रुकने वाला नहीं है। भारत ने पाक को इस बार करारा सबक सिखाने की ठान ली है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इसके साफ संकेत दे दिए हैं। भारत ने पाक अपने सारे संबंध लगभग तोड़ लिए हैं।



**मुर्मू को सौंप दिया पाकिस्तान की बर्बादी का प्लान**

*पहलगाम आतंकी हमले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की तरफ से अपडेट दिया गया है। बता दें कि, दोनों मंत्रियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की है। गृहमंत्री ने दो लाल फाइलें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपीं। माना जा रहा है कि ये वही फाइल हैं, जिसमें पाकिस्तान को लेकर भारत की अब तक की सबसे आक्रामक रणनीति दर्ज है? क्या ये बर्बादी की पटकथा है, जो अब आधिकारिक मुहर के लिए राष्ट्रपति के पास पहुंची? पहलगाम हमले के बाद भारत एक्शन मोड में है. विदेश मंत्रालय से लेकर खुफिया एजेंसियां, सब पाकिस्तान को घेरने की तैयारी में हैं. और अब जब ये लाल फाइल राष्ट्रपति के हाथ में है, तो संकेत साफ है- कुछ बड़ा होने वाला है.*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस बार न उड़ी न पुलवामा जैसा बदला लिया जाएगा। इस बार ठोस बदला लिया जाएगा। पहलगाम हमले के बाद आतंकियों और उनके साजिशकर्ताओं पर हमला लगभग तय हो गया है। बस, दिन, वक्त व स्थान का इंतजार है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मधुबनी से इसके साफ संकेत देश को दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब आतंकियों व उनके पनाहागारों को मिट्टी में मिलाने का वक्त। पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस हमले के पीड़ितों के साथ है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है। वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया।


**उधर, पाक ने भारत के लिए अपना एयर स्पेस किया बंद, एलओसी पर 18 जेट किए तैनात, रात भर से भर रहे उड़ान**

**पाक पीएम ने आंखें तरेरीं, कहा- भारत ने यदि हमारा पानी किया बंद तो हम इसे अपने खिलाफ युद्ध ही मानेंगे**

## पाकिस्तान ने मरी हुई इकोनॉमी की बिछाई चिता!

1 मसाले, चावल और सब्जियों जैसे जरूरी खाद्य पदार्थों का निर्यात बंद होने से पाकिस्तान में खाने की कमी, महंगाई और अस्थिरता की आशंका


2 2024 में भारत से पाकिस्तान को मसालों और खाद्यान्न का निर्यात कुल निर्यात (लगभग 304.93 मिलियन डॉलर) का एक छोटा हिस्सा रहा, जिसमें चीनी, तिलहन, और मसाले प्रमुख थे




**भारत से पाकिस्तान निर्यात होने वाले आइटम**

जैविक रसायन, फार्मास्यूटिकल्स (दवाइयां), प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पाद, कपास, कृषि उत्पाद (जैसे ताजे फल, सब्जियां, चाय, कॉफी, मसाले), चीनी, तिलहन, डेयरी उत्पाद, पशु चारा, रंग और मानव निर्मित रेशे, ताजे फल और सब्जियां (जैसे प्याज, टमाटर, आलू), चावल (सीमित मात्रा में, खासकर गैर-बासमती), डेयरी उत्पाद (जैसे दूध पाउडर, पनीर), चाय, कॉफी, काली मिर्च, इलायची, लौंग, दालचीनी, हल्दी, जीरा

**दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई: मुख्यमंत्री डॉ. यादव**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। केंद्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केंद्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहलगाम में कायराना हरकत करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार सभी परिस्थितियों में केंद्र सरकार के साथ है। देश कश्मीर की खुशहाली पर आंच नहीं आने देगा।

**दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के सामने विरोध प्रदर्शन**





पाक क्रिकेटर दानिश कनेरिया बोले

**पीएम शहबाज शरीफ ने निंदा क्यों नहीं की?**



पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ नहीं है तो शहबाज ने अब तक इसकी निंदा क्यों नहीं की है। दानिश पाकिस्तान टीम में शामिल चुनिंदा हिंदू खिलाड़ियों में से एक रहे।



**विदेश मंत्रालय का कूटनीति वाला दांव**

**साउथ ब्लॉक पहुंचे कई देशों के राजदूत**

## बड़ी स्ट्राइक की तैयारी, जी 20 देश भारत का देंगे साथ

भारत ने सोमवार को कूटनीति का बड़ा दांव चला। करीब 200 देशों के राजनयिकों को बुलाकर पहलगाम आतंकी हमले पर विस्तार से जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, जर्मनी, जापान, चीन, इटली, इंडोनेशिया, मलेशिया, ओमान, यूएई, कतर, नार्वे समेत दर्जनों देशों को ब्रीफ किया कि कैसे पाकिस्तान की सरजमीं से चलने वाला आतंकी ईकोसिस्टम अब भी सक्रिय है। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि हमला जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और तेज़ी से हो रही आर्थिक प्रगति को पटरी से उतारने की साजिश थी। कश्मीर में हुए सफल विधानसभा चुनाव और आम जनजीवन में लौटे स्थायित्व को तोड़ने की मंशा थी। भारत ने साफ कर दिया है कि वो सीमा पार आतंकवाद पर चुप नहीं बैठेगा।



**बीसीसीआई का कठोर संदेश**

**अब पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं**



*कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कठोर संदेश दिया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारत किसी भी प्रकार से पाकिस् तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगा। भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार 2012-13 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी। तब पाकिस्तान की टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए भारत दौरे पर आई थी। भारतीय टीम ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था।*

**पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को निलंबित किया**



पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत लगातार कठोर फैसले ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट को भारत में सस्पेंड कर दिया है, जिसे डिजिटल युद्ध में एक बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। यानी पाकिस्तान सरकार का एक्स हैंडल भारत में नहीं दिखेगा और ना ही उसके कोई पोस्ट नजर आएंगे हालांकि पाकिस्तान और भारत के बाहर अन्य देशों में यह अकाउंट एक्टिव दिखेगा।

## वीजा अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ें पाकिस्तानी, 29 अप्रैल से मेडिकल वीजा भी मान्य नहीं



भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों दिए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक ही मान्य रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं, उन्हें अब बदली हुई वीजा शर्तों के अनुसार अपने वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है। जो भारतीय नागरिक इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी गई है। सरकार ने अटारी चेक पोस्ट को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया। जो लोग वैध दस्तावेज के साथ पहले से ही इस मार्ग से भारत में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें 1 मई 2025 तक उसी मार्ग से लौटने को कहा गया है।

## केंद्र ने 100 प्रतिशत टीकाकरण हासिल करने शुरू किया अभियान

# अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला को खत्म कर देंगे

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिए कार्यक्रम की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को विश्व टीकाकरण सप्ताह की शुरुआत के मौके पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 की शुरुआत की। इस अभियान का लक्ष्य है कि अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला बीमारी पूरी तरह खत्म कर दी जाए।सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत बच्चों को खसरा और रूबेला बीमारी से बचाने के लिए दो टीके निःशुल्क लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चों को 9 से 12 महीने की उम्र में दिया जाता है, जबकि दूसरा टीका 16 से 24 महीने की उम्र में लगाया जाता है। पहली खुराक 93.7 प्रतिशत बच्चों को और दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी है।

**निशुल्क लगाए जा रहे टीके**

**इसकी दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी**



**पोस्टर, रेडियो जिंगल और फिल्म भी जारी की**

नड्डा ने खसरा-रूबेला के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई भाषाओं में तैयार की गई सामग्री जैसे पोस्टर, रेडियो जिंगल, एमआर उन्मूलन पर फिल्म और यू-विन प्लेटफॉर्म की आधिकारिक लॉन्च फिल्म भी जारी की। ये सभी सामग्री एमआर उन्मूलन अभियान 2025-26 के दौरान इस्तेमाल करने के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा की गई है।

**100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने का लक्ष्य बनाया**

नड्डा ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है इस अभियान का मकसद है कि हर बच्चे को खसरा और रूबेला के दोनों टीके समय पर दिए जाएं, ताकि सभी बच्चों को अच्छी सेहत और बेहतर जीवन मिल सके। इसका लक्ष्य 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करना है।

### सतर्क रहें और निगरानी को और मजबूत करें राज्य

नड्डा ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 के बीच देश के 332 जिलों में खसरे का एक भी मामला सामने नहीं आया और 487 जिलों में रूबेला का कोई केस नहीं मिला। लक्ष्य की तरफ हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि बीमारियों पर नजर रखने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम को लगातार सक्रिय रखना और इसकी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करना बहुत जरूरी है। पोलियो और मातृ-नवजात टिटनेस की तरह इसे खत्म करके ही दम लेंगे। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे सतर्क, तैयार और सक्रिय रहें और बिना देर किए तुरंत कदम उठाने की नीति पर काम करें।


**कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए**

नड्डा ने राज्य के मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे सार्वजनिक और प्रेस मीटिंग्स आयोजित करें, ताकि बड़ी संख्या में लोगों को टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी दी जा सके।वे दूरदराज के क्षेत्रों, झुग्गी-बस्तियों, प्रवासी लोगों और ऐसे इलाकों में जाएं जहां बीमारियां बार-बार फैलती हैं, ताकि वहां के लोगों को भी टीकाकरण का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

**कोटा।** दिल्ली से नीट की तैयारी करने आए छात्र का शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला।



शुरुआती जांच में बताया कि छात्र ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की है। लैंडमार्क सिटी इलाके में स्थित घटनास्थल पर आत्महत्या से संबंधित कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। 48 घंटे के भीतर आत्महत्या का यह दूसरा मामला है।

### चांदनी चौक के मार्केट में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चांदनी चौक इलाके के भागीरथ पैलेस मार्केट में आग लगने की घटना सामने आई।



आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की 9 गाड़ियां पहुंची थीं।भगीरथ प्लेस के 1860 नंबर दुकान में आग लगी थी। सेकेंड फ्लोर डेकोरेशन की दुकान में गुरुवार दोपहर 1:50 बजे आग लगी। आग पर काबू पा लिया है।

### कोलकाता में 2 'कॉल सेंटर' मिले, 16 अरेस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार कर कथित रूप से विदेशी नागरिकों को ठगने वाले फर्जी दो 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़ किया है।



सेलिमपुर और बेहाला में दो अवैध 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की गई और वहां से कई मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, हेडफोन और दस्तावेज जब्त किए गए।

### 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर 3 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।



शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। 10 हजार याबा टैबलेट जब्त कीं, जिनका मूल्य 3 करोड़ है।

## लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बोले पीएम मोदी

# 'बिहार में रेल संपर्क को बढ़ावा' की प्रतिबद्धता को केंद्र ने पूरा किया, विद्युत आपूर्ति भी बढ़ेगी

बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने 1,170 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गोपालगंज में एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की भी आधारशिला रखी।



एजेंसी ▶▶ मधुबनी

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी। बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मोदी ने गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

### प्रधानमंत्री ने मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपए की योजनाओं की दी सौगात

**ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

देशभर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएण मोदी ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित किया।



**5 लाभार्थियों को चाबियां दी, 10 लाख को किस्तें दी**

उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित किए। इस अवसर पर पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए गए और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी की गईं। उन्होंने बिहार में एक लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश को चिन्हित करते हुए पांच लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। कई श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

**'इंडिया स्टील 2025' में संबोधन**

**स्टील सेक्टर को बताया देश की प्रगति का मजबूत आधार**

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'इंडिया स्टील 2025' के छठे संस्करण को संबोधित किया। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मुंबई के बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित हो रहा है। इसका आयोजन केंद्रीय इस्पात मंत्रालय और उद्योग संगठन फिक्की द्वारा किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि स्टील सेक्टर भारत की प्रगति का आधार है और एक विकसित भारत की मजबूत नींव है।

**भवनों में 'मेड इन इंडिया' स्टील का उपयोग अनिवार्य**

मोदी ने कहा कि हमने नेशनल स्टील पॉलिसी के तहत 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। मोदी ने कहा कि सरकारी भवनों के निर्माण में 'मेड इन इंडिया' स्टील का उपयोग अनिवार्य होगा।

**रक्षा-रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बने**

उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से उच्च गुणवत्ता वाले स्टील के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अब रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बने।

**नीतीश की फिर दो टूक**

**हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक फिर भरोसा दिया कि वे भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर कहा कि उनकी पार्टी राजद के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया।

## इस्लामी आतंक और लाल सलाम पर वार

# 1 हजार नक्सलियों को सेना ने घेरा, पांच माओवादी ढेर



एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। करीगुट्टा की पहाड़ियों में घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों का मुकाबला किया। इसमें सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस अभियान में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 20,000 सुरक्षाकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। 1,000 से अधिक नक्सली अब सुरक्षाबलों के घेरे में हैं। सर्च अभियान में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सली ठिकानों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया। इस दौरान 6 सोलर प्लेट, 2 नक्सली वर्दियां, 2 छत पंखे, और अन्य सामग्री मिली है। अभियान का संचालन सीआरपीएफ की विशेष यूनिट कोबरा की 208वीं बटालियन द्वारा जीदपल्ली स्थित कैंप से किया जा रहा है।

**14 माओवादियों ने किया सरेंडर**

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) के 14 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग कैडरों से संबंधित 14 माओवादियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 2 एरिया कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं। इन्होंने वारंगल पुलिस आयुक्तालय में मल्टी जोन 1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि अब तक इस साल 250 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं।

### मणिपुर में भी 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से कई अभियानों के दौरान 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के एक सक्रिय सदस्य को नोंगपोक संजेनबाम में गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान लौशंबम सुंदर सिंह उर्फ बुंगबुंग (34) के रूप में हुई है। उस पर व्यापारियों से जबरन वसूली का आरोप है। प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक सदस्य को केइबी हेइकक मपाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जबकि पीआरईपीएके के एक सदस्य को सॉओमबुंग पौराबी से पकड़ा गया। इसमें हथियार और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया गया, जिसमें तीन एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और चार हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

## बंगाल हिंसा का मामला अदालत पहुंचा

# अब हाईकोर्ट ने सुवेंदु को दी मुर्शिदाबाद जाने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट नेभाजपा नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को मुर्शिदाबाद के उन क्षेत्रों का दौरा करने की अनुमति दी, जो हाल ही में संसद में पारित वक्फ विधेयक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान व्यापक हिंसा से प्रभावित हुए थे। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने यह अनुमति दी। साथ ही यह स्पष्ट किया,वे न तो कोई जुलूस निकालेंगे, न कोई रैली करेंगे और न ही कोई ऐसा सार्वजनिक भाषण देंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है।



याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एडवोकेट ने उच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश देने के लिए यह रिट याचिका दायर की, जिससे याचिकाकर्ताओं को दो अन्य व्यक्तियों और सुरक्षा बलों के साथ धुलियान, सुत्ती और शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की अनुमति मिल सके। कोई अप्रिय घटना न हो।

## डॉ. मांडविया ने शुरू की दो नई पहल

# 2036 ओलंपिक की तैयारी डिजिटली मिलेंगे प्रमाण पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देश के खेल क्षेत्र को मजबूत करने के लिए दो बड़ी पहलों का उद्घाटन किया। इनमें नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च में रिटर्न टू स्पोर्ट्स सेल और डिजिलॉकर के जरिए खेल प्रमाणपत्रों की डिजिटल सुविधा शामिल है। इसका मकसद 2036 ओलंपिक के लिए भारत को तैयार करना है। मांडविया ने कहा कि सरकार देश के खेल क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ा रही है। डिजिलॉकर के जरिए अब खिलाड़ियों को उनके प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में आसानी से मिल सकेंगे। इससे प्रशासनिक काम तेज होगा और खिलाड़ियों को आर्थिक मदद मिलेगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और खेल फेडरेशनों में गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। हर फेडरेशन की जवाबदेही तय होगी। प्रत्येक खेल फेडरेशन के साथ कॉर्पोरेट साझेदारी की जा रही है।



## मशाल जुलूस निकालकर की निंदा



**चिकमंगलूर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए चिकमंगलूर में मशाल जुलूस निकाला।

## बिहार के खगड़िया के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा

# अलौली में पहली बार दौड़ी ट्रेन, लोग उत्साहित होकर नाचने- झूमने लगे

एजेंसी ▶▶ खगड़िया

बिहार के खगड़िया जिले के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। तत्कालीन रेल मंत्री केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के गृह क्षेत्र अलौली में पहली बार ट्रेन दौड़ी। इस का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया। स्पेशन ट्रेन अलौली से सहरसा के लिए रवाना की गई।पासवान ने 1998 में खगड़िया-कुशेश्वर रेलखंड की परियोजना की मंजूरी दी थी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल। यह सुविधा सामाजिक और आर्थिक रूप से एक बड़ा परिवर्तन है। स्थानीय लोगों में खासा उत्साह दिखा, झूमे और नाचे। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

**पासवान का सपना हो गया पूरा**



**26 साल पहले पासवान ने देखा था सपना**

26 साल पूर्व यानी 1998 में पासवान ने खगड़िया- कुशेश्वर रेल परियोजना की मंजूरी दिए थे। जो 26 साल बाद साकार हुआ है। हालांकि इस परियोजना के तहत खगड़िया से कुशेश्वर के बीच 44 किलोमीटर तक रेल ट्रैक बनना है। लेकिन अभी केवल 18 किलोमीटर तक का ही काम पूरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ट्रेन चालू होने से आवागमन में काफी सुविधा होगी।

## केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी का ऐलान

# ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी मिलेगी सेफ्टी रेटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) के संयुक्त आयोजित व्हीकल एंड फ्लीट सेफ्टी कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जल्द ही ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी भारत एनसीएपी के तर्ज पर सेफ्टी रेटिंग दी जाएगी। इसकी योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य निर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

सरकार देश में चलने वाले ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा के लिए भी सेफ्टी रेटिंग का नियम लाने वाली है। कारों के के लिए भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम द्वारा दी जाने वाली सेफ्टी रेटिंग के तर्ज पर ही अब इन वाहनों को भी सेफ्टी रेटिंग मिलेग।

### जीएनसीएपी और आईआरटीई के संयुक्त अधिवेशन में यह बात कही



**सेफ्टी और क्वालिटी में सुधार होगा**

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इसी तरह सरकार पहले से ही देश में बैटरी से चलने वाले ई-रिक्शा के लिए मानकों और सेफ्टी स्टैंडर्ड सिस्टम पर काम कर रही है, क्योंकि ई-रिक्शा में सेफ्टी को लेकर कई बार सवाल उठाए जा चुके हैं। इससे ई-रिक्शा के सेफ्टी और क्वॉलिटी में सुधार होगा, जिससे लोग सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे और रोजगार पैदा होगा।

**लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगे**

सड़क दुर्घटनाओं के बारे में गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसके चलते 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है। सरकार की प्राथमिकता सड़क सुरक्षा, सुरक्षित राजमार्गों का विस्तार, सुरक्षित वाहन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है।

**ट्रक ड्राइवरों का समय तय होगा, सुरक्षा भी बढ़ेगी**

मंत्री गडकरी ने कहा कि सड़क मंत्रालय ट्रक ड्राइवरों के लिए काम के घंटे निर्धारित करने के लिए कानून पर भी काम कर रहा है। अभी वे दिन में 13-14 घंटे गाड़ी चलाते हैं। देश ट्रक ड्राइवरों की कमी का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार देश भर में 32 अत्याधुनिक ड्राइविंग संस्थान स्थापित करने की भी योजना बना रही है। मंत्रालय ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडिशन की सुविधा और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम को पहले ही अनिवार्य कर दिया गया है।

**जबलपुर**
**शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025**
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-13
- वर्ष : 19, अंक : 348
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 44
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**पहलगाम आतंकी हमले पर गरजे पं. प्रदीप मिश्रा**



## शाह को बताया महादेव का अवतार, कहा-अब तांडव होगा

*हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर*

*पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पंडित प्रदीप मिश्रा व्यास पीठ से ही गरज उठे। आंखों में आक्रोश भर पंडित प्रदीप मिश्रा ने देश के गृहमंत्री अमित शाह को शंकर का अवतार बताया और कहा कि वह मौन हैं, शांत हैं पर वह तांडव भी जरुर दिखाएंगे। पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से कहा कि कश्मीर की घाटी पहलगाम में जो घटना हुई है वह दिल को झंझोड़ने वाली है। भारत की भूमि पर हिंदुओं की मौत कब तक होती रहेगी। कभी बंगाल में हिंदू मारा जाता है तो कभी कश्मीर की घाटी में कपड़े उतारकर देखा जाता है कि हिंदू है और गोली मार दी जाती है। करोगे क्या? कैंडल मार्च निकाल लोगे, पुतले जला लोगे, बनेगी तो नारे लगा लोगे और फिर शांत होकर बैठ जाओगे। मेरा निवेदन है सनातनियों, जाग जाओ, अब मौका है। मैं निवेदन करुंगा हमारे गृहमंत्री अमित शाह का जो इस कलयुग में शंकर के अवतार है, शांत भी रहते हैं, मौन भी रहते हैं।*

## पहलगाम में मारे गए सुशील का इंदौर में अंतिम संस्कार

# ताबूत से लिपटकर रोई पत्नी, हर आंख नम उमड़ा सैलाब, सैकड़ों लोग विदाई देने पहुंचे



» *कलमा पढ़ने को कहा, खतना देखा फिर गोली मार दी*

» *आतंकवादी कैमरे लगाकर आए थे और सेल्फी ले रहे थे*



हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुशील नथानियल का गुरुवार को इंदौर में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उनकी अंतिम यात्रा वीणा नगर स्थित उनके घर से शुरू हुई। उनका पार्थिव शरीर एक विशेष वाहन में नंदा नगर चर्च ले जाया गया, जहां धार्मिक प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसके बाद ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार जूनी इंदौर कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया है। सुशील की अंतिम यात्रा में लोगों का सैलाब उमड़ा, सैकड़ों लोग उन्हें विदाई देने के लिए पहुंचे। उनकी पत्नी जेनिफर ताबूत से लिपटकर बिलख- बिलखकर रोईं।



### सुशील की बेटी आकांक्षा को भी गोली लगी

सुशील नथानियल आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में कार्यरत थे। हमले के समय वह अपने परिवार के साथ कश्मीर यात्रा पर थे। वे 18 अप्रैल को पत्नी जेनिफर, 21 वर्षीय बेटे ऑस्टिन गोल्डी और 30 वर्षीय बेटी आकांक्षा के साथ छुट्टियों पर गए थे। हमले में सुशील की बेटी आकांक्षा को भी गोली लगी, जो सूरत के बैंक ऑफ बड़ौदा में फर्स्ट क्लास ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। सुशील की पत्नी जेनिफर खातीपुरा स्थित एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं, जबकि बेटा ऑस्टिन एक उभरता हुआ बैडमिंटन खिलाड़ी है। सुशील नथानियल मूल रूप से मध्य प्रदेश के जोबट क्षेत्र के रहने वाले थे, लेकिन लंबे समय से वे इंदौर में निवासरत थे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
चेन्नई हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप


### घायलों का मुफ्त इलाज कराएंगे मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश दुखी है। इस हमले में भारतीयों ने अपनी जान गंवाई है। रिलायंस परिवार ने इस घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रिलायंस के अस्पताल में मुफ्त इलाज का ऐलान किया है।



### शराब से भरा ट्रक पलटा आग में ड्राइवर की मौत

**कोठरी।** गुरुवार की सुबह इंदौर भोपाल हाईवे पर कोठरी के पास एक शराब से भरा ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें आग लग गई। इस हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर ड्राइवर का सिर धड़ से अलग हो गया।



### शूटिंग कर रहे डांसर की डूबने से मौत

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम को सतारा जिले के संगम महुली गांव में हुई। पुलिस जांच कर रही है।



## पहलगाम आतंकी हमले पर संसद भवन में सर्वदलीय बैठक, सरकार ने विपक्षी दलों को बताया-क्या कदम उठाए?

# आईबी के अधिकारियों ने बताया कि कहां चूक हुई, किन परिस्थिति में हुआ हमला ?

### मृतकों के लिए रखा गया 2 मिनट का मौन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुरुवार शाम 6 बजे सवर्दलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। बैठक में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी सांसदों को ब्रीफ किया कि चूक कहां हुई और किस परिस्थिति में यह आतंकी हमला हुआ। बताया गया कि पहलगाम में जहां यह हमला हुआ वहां पहुंचने में करीब ढाई घंटे लगते हैं। बैठक के दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया। इसमें सभी दलों के नेता खड़े होकर मौन रहे। संसद में हुई सर्वदलीय बैठक करीब दो घंटे तक चली।

इस बैठक के बाद बाहर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की। विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ है। इस मामले में सरकार कोई भी एक्शन लें, विपक्ष सरकार के साथ हैं। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की। विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ

**राहुल खरगे का बड़ा बयान बोले- हम हर कार्रवाई में केंद्र सरकार के साथ**



**सर्वदलीय बैठक करीब दो घंटे तक चली**

### राहुल गांधी आज जाएंगे श्रीनगर



पहलगाम आतंकी हमले के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर जाने वाले हैं। इस हमले के समय राहुल गांधी अमेरिका में थे, लेकिन हमले के बाद अमेरिका का टूर समाप्त कर भारत लौटे।

## बैठक के बाद केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया

### हमने कड़ी कार्रवाई की मंशा जाहिर की

सर्वदलीय बैठक के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि रक्षा मंत्री ने सीसीएस की बैठक में पहलगाम में हुई घटना और भारत सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। यह घटना बहुत दुखद है। जिससे देश में हर कोई चिंतित है, इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने और कड़ी कार्रवाई करने की मंशा जाहिर की है।

### गुलाम नबी आजाद बोले- हिंदू-मुसलमान दोनों एकजुट

पहलगाम आतंकी हमले पर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पूरा देश और जम्मू-कश्मीर के लोग उन लोगों के समर्थन में खड़े हैं, जिन्होंने पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर के सभी हिंदू और मुसलमान आतंकवादियों के खिलाफ

**ओवैसी की अपील- बांहों पर काली पट्टी बांधकर जुम्मा पढ़ने जाएं:** एमआईएमआईएम सुप्रीमो और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोगों से एक अपील की है। ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- जब आप नमाज़-ए-जुम्मा पढ़ने जाएंगे तो आपने बांह पर काली पट्टी बांधकर जाएं। इस से हम यह पैग़ाम भेजेंगे की हम भारतीय विदेशी ताक़तोंको भारत के अमन और इत्तेहाद को को कमजोर करने नहीं देंगे।

**अटारी-वाघा बॉर्डर पर बिना गेट खोले ही हुई रिट्रीट सेरेमनी:** पहलगाम हमले को लेकर अटारी-वाघा एकीकृत चेकपोस्ट पर रिट्रीट सेरेमनी को गेट खोले बिना ही आयोजित किया गया। भारत सरकार ने एकीकृत चेकपोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया है। जो लोग वैध समर्थन के साथ सीमा पार कर गए हैं।

## शिवपुरी एसपी के खिलाफ भाजपा विधायक ने खोला मोर्चा

# भाजपा विधायक लोधी बोले एसपी मेरा फोन टैप करा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। प्रीतम लोधी ने शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन सिंह राठौर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक आमसभा की और फिर रैली भी निकाली। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

- गंभीर आरोप लगाए, कहा- तो दिल्ली जाऊंगा



### एसपी से हुई बहस

*ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक प्रीतम लोधी और एसपी के बीच बहस भी हो गई। विधायक ने एसपी के सामने ही आरोप लगाए कि वह एक विशेष पक्ष का समर्थन कर रहे हैं। लोधी ने कहा कि 30 साल बाद पिछोर को भाजपा ने आजादी दिलाई है। लेकिन, पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं।*

## इंदौर में नर्सरी टीचर से रेप

# स्कूल बस के ड्राइवर पर आरोप पीड़िता ने खुद को लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर में एक प्राइवेट स्कूल की टीचर ने खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की। आरोप है कि स्कूल बस के ड्राइवर ने उसके साथ रेप किया और उसे ब्लैकमेल किया। टीचर ने मंगलवार को इंदौर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीचर फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। इंदौर पुलिस के अनुसार, टीचर को धमकियां मिल रही थीं ।

- फोटो के जरिए टीचर को कर रहा था ब्लैकमेल



### स्कूल बस में मारपीट की

जनवरी 2024 में टीचर की सगाई हो गई। 13 मार्च को जब वह स्कूल से घर लौट रही थी, तब रोहित ने कथित तौर पर स्कूल बस में ही उसके साथ फिर से मारपीट की। उस समय बस में पांच-छह बच्चे भी थे। रोहित ने बस किसी और ड्राइवर, शुभम को दे दी। फिर उसने पहले खींची हुई तस्वीरों से टीचर को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

# सुबह से शाम तक दहकते रहे भेल के जंगल



### एसडीआरएफ, फायर अमले ने संभाला मोर्चा

*भोपाल। गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे भेल (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के गेट नंबर 9 के पास कैंपस के अंदर वेस्ट मटेरियल में आग लग गई, जो धीरे धीरे भेल के जंगल तक फैल गई। शाम 6 बजे के बाद तक यह आगे लगातार दहकती रही, जिस पर काबू पाने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर जेएल कोठारी और मेजर शशिभूषण तिवारी ने बताया कि भेल के 9 नंबर गेट के सामने जंगल में भीषण आग लग गई है।*

## सागर में सड़क हादसा

# खड़े ट्रक में जा घुसी दो कारें भोपाल के दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर गढ़ाकोटा रोड पर बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें भोपाल निवासी दो युवकों की जान चली गई। घटना गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में आबचंद मोड़ के पास की है, जहां एक के बाद एक दो कारें ट्रक से टकरा गईं। हादसे में एक कार में सवार दो युवकों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी कार सड़क किनारे उतर गई, लेकिन उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए।

### तेज रफ्तार वजह

गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार कार जा घुसी। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी कार भी टकरा गई। हादसे में भोपाल के करौंद निवासी खेबर अली (35) पुत्र गुलाम अली और समीर (20) पुत्र सलीम अली की मौके पर ही मौत हो गई।

## मोबाइल एप के उपयोग से डेटा चोरी होने का मामला

# मप्र हाईकोर्ट ने गूगल, एपल, माइक्रोसॉफ्ट और शाओमी कंपनी को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने साफ्टवेयर कंपनियों पर मोबाइल एप के जरिए उपयोगकर्ताओं का डाटा चुराने और सायबर ठगी करने के आरोप के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, स्टैंडर्ड टेस्टिंग एंड क्वालिटी सर्टिफिकेशन डायरेक्ट्रेट (एसटीक्यूसी), सीडेक, गूगल, एपल, माइक्रोसाफ्ट और शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किए गए हैं।

» एप में कान्टैक्ट, फाइल्स या कैमरे का कोई उपयोग नहीं फिर भी मांगते हैं परमिशन



### कड़े नियम बनाने की मांग

देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ सायबर धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। आम नागरिकों की गोपनीय जानकारी, बैंकिंग विवरण और व्यक्तिगत डेटा चोरी हो जाते हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि वर्तमान कानूनी ढांचा केवल तब सक्रिय होता है जब किसी एप के जरिए पहले ही नुकसान हो चुका होता है। जनहित याचिका में मांग की गई है कि इसकी रोकथाम के लिए कड़े नियम बनाए जाएं।

## आज एक दर्जन जिलों में भीषण गर्मी के साथ कई जिलों में लू का अलर्ट

**सर्वाधिक पारा खजुराहो में 44.4 डिग्री रहा**

# दो-तीन दिन बाद बारिश दिलाएगी गर्मी से राहत... भोपाल में भी पड़ेंगी बौछारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दो से तीन दिन बाद मौसम फिर बदलेगा। भोपाल सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। कई जिलों में आंधी के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इससे पहले शुक्रवार को एक दर्जन के करीब जिलों में लू का अलर्ट है।

इनमें प्रमुख रूप से बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिले शामिल हैं। गुरुवार को सर्वाधिक पारा खजुराहो में 44.4 डिग्री रहा, जबकि छिंदवाड़ा में लू का असर रहा।

### छिंदवाड़ा में लू का असर रहा, तापमान 42 .4 डिग्री दर्ज



### इन जिलों में तेज गर्मी का असर

गुरुवार को कई जिलों में तेज गर्मी का असर रहा। धार, नर्मदापुरम, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, सतना, सिवनी, टीकमगढ़ और मलाजखंड में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने से तेज गर्मी महसूस की गई। यह क्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

### इसलिए गिरेगा पारा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक डब्ल्यूडी हिमालय के आसपास सक्रिय है। उत्तर दक्षिणी छत्तीसगढ़ से विदर्भ और तेलंगाना होते हुए कर्नाटक तक ट्रफ बनी हुई है। यह बंगाल की खाड़ी तक बनी है। इससे अगले दो से तीन दिन में प्रदेश में मौसम में बदलाव होगा। हालांकि, दो दिनों में पश्चिमी मप्र के तापमानों में कोई विशेष परिवत्र्तन नहीं होगा। इसके बाद पूर्वी मप्र में मौसम बदलेगा। बारिश आंधी के साथ तापमान गिरेगा। इसके बाद दो दिन यालि तीसरे से चौथे दिन तक बारिश, आंधी का दौर चलेगा।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोरतम एक्शन जरूरी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से देश आक्रोशित है और देशवासी हमले के गुनहगारों को जल्द से जल्द सख्त सजा चाहते हैं। सरकार हमले के तुरंत बाद से कह रही है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशावासियों को भरोसा दिलाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। दरअसल, पहलगाम में आतंकवादी हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि यह देश की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस है। इसलिए, इसका कठोर सबक सिखाया जाना चाहिए। यूं तो, यह पहली बार नहीं है जब इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, अतीत में दर्जनों ऐसे बड़े आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें बेकसूर नागरिकों की जान गई है। सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, लेकिन जवाब काफी साबित नहीं हो रहा है। वक्त कुछ ठोस और बड़ा करने का है। आतंकवाद, आतंकी गुट और आतंकियों के खिलाफ उसके खात्मे तक सतत एक्शन चलते रहना चाहिए। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सीमाओं को हर हाल में फुलप्रूफ और सुरक्षित बनाना होगा, जिसमें परिंदा भी पर न मार सके। इजराइल की तरह हमें अपने एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा की लेजर व रडार बाड़बंदी करनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के अंदर इतना गुस्सा है कि लोग बात कम और एक्शन अधिक चाहते हैं। हमारी सेना हर स्तर पर माकूल जवाब देने में सक्षम है, नेतृत्व को आगे बढ़ने की जरूरत है। पहलगाम में हमलावर आतंकी के साथ-साथ इसकी साजिश रचने वालों को बेनकाब कर करारा जवाब दिए जाने की त्वरित आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक के बाद सभी विपक्षी दल सरकार के साथ हैं। अभी फौरी तौर पर बेशक सरकार ने अटारी बोर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाक के नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश देने, मेडिकल वीजा पर भी रोक जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि हमलावर आतंकियों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और भारत के साथ खड़े होने की बात कही है, लेकिन बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को विश्व जनमत के साथ अपने स्तर पर ही कठोरता से लड़ना होगा। आतंकी गुट हमास के हमले का इजराइल ने कैसे कड़ाई से जवाब दिया है, वो उदाहरण दुनिया के सामने है। आज आतंकवाद वैश्विक समस्या है, इसके खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा विश्व को समझाया है कि आतंकवाद ग्लोबल मुद्दा है और आतंकवाद को शह देने वालों को बेनकाब व अलग-थलग करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत ने आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को अलग-थलग करने का पूरा प्रयास किया है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को ढूंढकर अंजाम तक पहुंचाना होगा। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद पर लगाम लगाने में बहुत हद तक सफलता पाई है, लेकिन इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प व उस दिशा में हर स्तर पर एक्शन जरूरी है। सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था पर तगड़ी मार पड़ेगी, पर और भी कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।

# हिंदुओं पर बढ़ रही सामुदायिक हिंसा



असुरक्षा
प्रभुनाथ शुक्ल

आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं।

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़ गए। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बाद पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूछ कर नरसंहार किया गया।

यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है और कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलहाने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण, कश्मीर के राजनीतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहां बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान



हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनीतिक फैसलों ने इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और सेना में कार्यरत जवान की भी मौत हुईं है। शादी के बाद हनीमून मनाने गया युगल भी निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादाद में पर्यटकों की आमद हो रही थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफिया एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहां का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादाद में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊंचे पहाड़, नदियां, घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं। यहां की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा।

भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। हालांकि मुस्लिम इलाकों में भी हिंदू अतिवाद का स्वरूप देखने को मिला जहां मस्जिदों को निशाना बनाया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिंदू बंगाल पुलिस की मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। हालांकि, भारत में भी मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक अतिवाद में लिंचिंग की घटनाएं हुईं हैं, लेकिन जैसा हिन्दुस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं। अमेरिका में भी हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं हैं। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं।

साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशल मीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश और संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी अतिवादी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आतंकी हमला
मनोज कुमार अग्रवाल



# नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## सटाका




## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *-राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार



भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।
-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।
-मार्क कार्नी, पीएम, कनाडा

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के ज़रिए साकार किया।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। -शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर


# बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचें श्रद्धालु



पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

## ऑफ बीट

# महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में संस्कारधानी में उग्र प्रदर्शन

## आधे दिन बंद रही गल्ला मंडी, जगह जगह पुतला दहन, श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि, जबलपुर।

पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर देशव्यापी आक्रोश में जबलपुर भी उबल रहा हैं। हर तरफ आतंकी घटना के विरोध में आवाज उठ रही है और सरकार से मांग की जा रही है कि अब की बार ऐसी कार्रवाई की जाए कि आतंकवादियों और उनके पनाहगारों की रुह कांप उठे। आतंकी घटना के विरोध में गुरुवार को जहां भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आतंकवादियों का पुतला जलाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए वही दूसरी ओर जबलपुर अनाज तिलहन व्यापारी संघ के आव्हान पर आधे दिन गल्ला मंडी बंद रही। वहीं गोलबाजार में गुंजन कला सदन, सुप्रभातम संस्था, शहीद स्मारक ट्रस्ट, लायन्स कल्ब परिवार, पीएमजी एवं पाथेय संस्था द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई और इस घटना में शहीद हुए भारतवासी पर्यटकों के प्रति अपनी संवेदना और अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।



### कायस्थ महासभा ने दी श्रद्धांजलि

पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा सदर स्थित शहीद अब्दुल हमीद चौक में कैंडिल जलाकर मौन श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सरकार से मांग की गई कि दहशतगर्द आतंकियों को तुरंत गिरफ्तार कर सजा दी जाए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अभा कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष एड. स्मृति सिन्हा, युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, एड. भानू श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजयुमो ने आतंकवाद का पुतला जलाया

पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मालवीय चौक पर प्रदर्शन किया गया। मोर्चा के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला जलाया गया। हमले में शहीद हुए दिवगंतों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पहलगाम ने आतंकियों ने निर्दोष लोगों पर कायरतापूर्ण हमला किया जो अक्षम्य है। अबकी बार मोदी सरकार आतंकियों को ऐसा सबक सिखाएगी कि उनकी सात पीढ़ी भी याद रखेगी। इस अवसर पर युवा मोर्चा के आयुष चौबे, उज्जवल पचौरी, रवि पटेल, शानू दुबे, अंकित पाठक, राहुल बेन, नितिन मिश्रा, आदि



### पाक से सारे रिश्ते तोड़े जाए

दिल दहला देने वाले पहलगाम में 26 पर्यटकों की आतंकियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के दोषियों पर कड़ी सजा मिलनी चाहिए. मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अमित सिसौदिया व जबलपुर अध्यक्ष डा. अजय कुमार वाधवानी ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर इस आशय की मांग की । संगठन के एड भावना निगम,डा अभिषेक जैन ,डा. अभिजीत जैन ,एड रोशन मंध्यानी,डा दिगंत पाठक ,एड अंकित मिश्रा ,एड विवेक शुक्ला आदि ने पत्र में मांग की है कि मृतक के परिजनों को हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी और पर्याप्त मुआवजा राशि तत्काल दी जाए।

### न्यायपालिका ने की कड़ी निंदा

न्यायपालिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या करने की कड़ी निंदा की है। मप्र हाईकोर्ट की तीनों पीठों सहित प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों में गुरूवार को आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजली दी गई। मृतात्माओं की शांति के लिए सुबह साढ़े दस बजे दो मिनट का मौन रखा गया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारीगण, बार के सदस्य, रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने कोर्ट रूम में ही खड़े होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की।



### वाल्मीकि समाज ने दी श्रद्धांजलि

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले ने पूरे देश को गहरे दुःख और आक्रोश से भर दिया है, इस वीभत्स घटना के विरोध में 24 अप्रेल को वाल्मीकि समाज जबलपुर द्वारा वाल्मीकि चोक पर कैंडिल मार्च निकालकर व श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीद नागरिकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष रूपकिशोर चोहान, दिनेश मछंदर, राजेन्द्र पथरोल, बलराम वाल्मीकि, गोविंद कुमार डागोर, रमेश बोहित, राजेश मट्टू, विजय महरोलिया, राजेन्द्र वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, राजेश खरा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### दंडी स्वामी ने दी अश्रुपूरित श्रृद्धांजलि

श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट के संस्थापक एवं संचालक पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि इस कायरना हमले को सभ्य समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा, यह कहते हुए दंडी स्वामी अश्रुपूरित हो गये। श्रद्धांजलि सभा में कालीधाम शिष्य परिवार के डीओपी राव, अनिल उसरेटे, बंटी महाराज, सुशील सोनी, प्रदीप चौहान, अनिल सराठे, पूरन सिंह राजपूत आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# शाला में नदारद मिले प्राचार्य

## एक भी छात्र छात्रा शाला में नहीं थे उपस्थित

**जबलपुर।** जिला शिक्षा विभाग की सहायक संचालक पूनम बरकड़े के द्वारा कुण्डम विकास खंड के स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा हाई स्कूल तिलसानी के प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय मे एक भी छात्र छात्रा उपस्थित नहीं थे। विद्यालय परिसर मे साफ सफाई नहीं पायी गयी। शा हाई स्कूल ईमलई राजा मे निरिक्षण के समय प्राचार्य प्रातः 11:30 बजे शाला मे अनुपस्थित पाए गए जबकि शाला का समय 12 बजे तक है। विद्यालय मे एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। शा हाई स्कूल लहसर तथा शा मा शाला लहसर मे निरीक्षण के समय स्टाफ उपस्थित था पर बच्चें एक भी नहीं थे। शास हाई स्कूल धनवाही मे निरीक्षण के समय स्टाफ उपस्थित था परन्तु बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पायी गयी जिसको बढ़ाने के निर्देश प्राचार्य को दिए गए। शा प्राथ शाला फ़ीफ़री के निरीक्षण मे शिक्षक देवेंद्र बैरागी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक पूनम बरकड़े ने बताया कि निरीक्षण मे पायी गयी अनियमितताओ पर सभी संबंधित को कारण बताओ पत्र जारी कर जवाब माँगा गया है।



### विद्युत कंपनी के कर्मचारियों के लिए राहत की खबर

**अब मृत्यु पर परिवार को मिलेगा रू. 1.25 लाख का अनुग्रह अनुदान**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने एक सराहनीय निर्णय लेते हुए अपने कर्मचारियों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने यह आदेश जारी किया है कि यदि कोई कर्मचारी सेवा काल में मृत्यु को प्राप्त होता है तो उसके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम-2017 के अनुसार देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम रू. 1.25 की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। यह संशोधित राशि पूर्व में निर्धारित रू 50,000 की सीमा से अधिक है, जिससे कर्मचारियों के परिवारों को अधिक आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। यह आदेश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा और इसके पश्चात के सभी प्रकरणों पर लागू होगा, पूर्व क्षेत्र कंपनी का यह निर्णय कर्मचारियों के सामाजिक कल्याण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम और पार्किंग व्यवस्था की जांच करें : निगमायुक्त

**जबलपुर।** अस्पतालों में आम जनों की सुरक्षा और व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव आज सख्त दिखाई दी। उन्होंने भवन, अग्नि शमन, और लीगल सेल के अधिकारियों की बैठक बुलाकर तीनों विभागों के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने तीनो विभागों के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि अभियान चलाकर अस्पतालों में लगे फायर सेफ्टी सिस्टम की जाँच करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जाँच के दौरान यह अनिवार्य रूप से देखें कि जो सिस्टम लगे हैं वह सिस्टम गाइड लाईन के अनुरूप लगे हैं अथवा नहीं। निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि अस्पतालों की पार्किंग व्यवस्था वैधानिक रूप से व्यवस्थित होनी चाहिए और भवन अनुज्ञा के विपरीत नहीं होनी चाहिए, यदि भवन अनुज्ञा के विपरीत अस्पतालों के निर्माण किये गए हैं अथवा बिना अनुज्ञा के निर्माण कर लिए गए हैं इन सब बिन्दुओं की बारीकी के साथ जाँच कर रिपोर्ट सबमिट करें और संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये।

बैठक में निगमायुक्त ने भवन शाखा के अधिकारियों को भवन संबंधी जाँच करने के निर्देश दिये वहीं फायर सेफ्टी सिस्टम नियमानुसार लगे हैं अथवा नहीं की जाँच करने अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि शासन के अनुसार फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगे हैं उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाये।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने तीनों विभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें, अन्यथा विपरीत परीस्थितियों के लिए आप सबकी जिम्मेदारी तय की जायेगी और आपके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी, श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, सहायक भवन अधिकारी दिग्दर्श सिंह आदि उपस्थित रहे।



**अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन**

# बाबा साहब के सपने का भारत बनाने मोदी ने देश से धारा 370 और अनुच्छेद 35ए को समाप्त किया

**जबलपुर।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कभी नही चाहते थे कि देश में धारा 370 और अनुच्छेद लागू हो पर तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने उनकी सहमति के खिलाफ संविधान में संशोधन करते हुए 370 और अनुच्छेद 35ए लागू कर दिया पर देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद बाबा साहब के सपने का भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से धारा 370 और अनुच्छेद 35ए को समाप्त किया और एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने का कार्य किया, यह बात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संभागीय कार्यालय रानीताल में कही। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू बंटी, प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद सुमित्रा वाल्मिकी, प्रदेश मंत्री सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शिवा चौधरी की उपस्थिति में किया गया।



### खेतों में नरवाई जलाना प्रतिबंधित

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा धान एवं गेहूँ की फसल कटाई के बाद शेष बचे अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने जिले के प्रत्येक कृषि विस्तार अधिकारी को अपने कार्यक्षेत्र में कृषकों से संपर्क कर उन्हें नरवाई जलाने की वजह से होने वाली संभावित घटनाओं से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने बताया कि यदि कृषि विस्तार अधिकारी के कार्यक्षेत्र में नरवाई जलाने की घटना पाई जाती है तो उसका यह दायित्व होगा कि वह घटना की पुलिस थाना में एफ.आई.आर. कराए और यह जानकारी जिला कलेक्टर एवं उप संचालक कृषि को प्रेषित करे। खेत में नरवाई जलाने की जानकारी कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा नहीं दी जाती है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



### प्रिंटिंग प्लांट में निकला चार फीट लंबा कोबरा नाग

**जबलपुर।** रिछाई इंडस्ट्रियल में स्थित प्रिंटिंग प्लांट में शाम साढ़े चार बजे एक चार फीट लंबे काले कोबरा नाग को देखकर प्रिंटिंग प्लांट में उपस्थित कर्मचारी अजय साहू ने किसी तरह सर्प को डिब्बे में ढ़ंक दिया तथा वरिष्ठ अधिकारी ने सूचना तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप कोबरा प्रजाति का नाग है जो बेहद ख़तरनाक और जहरीला होता है। गर्मी की उमस से राहत पाने के लिए एक कोने में छिपकर बैठा था।

**परिजन मिलने से खुश हुई झारखण्ड की युवती**

# समाजसेवी आशीष ठाकुर की मेहनत रंग लाई

## युवती की ख़ुशी पर बाल कल्याण समिति ने फेरा पानी, युवती को भेजा राजकुमारी बाल निकेतन

हरिभूमि जबलपुर।

झारखंड के साहिबगंज जिले के आमदंडा गांव की गुमशुदा आदिवासी युवती नेहा पहाड़े, जो मानसिक रूप से बीमार है,करीब तीन महीने बाद जबलपुर में मोक्ष के पास रहने के बाद आख़रिकार अपने परिजनों के पास पहुंचने में सफल हो पाती उसके पूर्व ही बाल कल्याण समिति ने युवती को परिजनों के साथ भेजनें से मना करते हुए राजकुमारी बाल निकेतन पहुंचा दिया। दरअसल झारखंड के साहिबगंज जिले के आमदण्डा गांव की एक युक्ति भटकते हुए नरसिंहपुर जिले के टेमी थाना अंतर्गत बेलखेड़ा रेलवे स्टेशन पर पुलिस को मिली थी, क्योंकि उसकी भाषा किसी को समझ में नहीं आ रही थी इसलिए नरसिंहपुर थाना ठेमी पुलिस द्वारा उसे जबलपुर स्थित मोक्ष संस्था के पास भेज दिया गया था. इसके पश्चात मोक्ष संस्थापक आशीष ठाकुर ने मेहनत करके जैसे तैसे लड़की से उसका नाम एवं माता-पिता का नाम पूछा, आशीष ठाकुर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर वायरल किया जिसका परिणाम यह हुआ कि वह युक्ति झारखंड के साहिबगंज जिला स्थित आमदण्डा गांव की रहने वाली निकली। परिजनों से बातचीत कर वीडियो कॉलिंग पर चर्चा करने के उपरांत आशीष ठाकुर ने अपने पैसे से लड़की के परिजनों को जबलपुर बुलाया और उनको सुपुर्द करने की कार्रवाई चल ही रही थी कि इस समय बाल कल्याण समिति द्वारा लड़की को अपने हैंडोवर से भेजने का आग्रह करते हुए उसको गोकलपुर स्थित कार्यालय बुला लिया गया.

### लड़की का फूफा आया था लेने-

बताया जाता है की लड़की के पिता का बहुत पहले स्वर्गवास हो चुका है मां अकेली थी तथा लड़की उसके साथ ही रहती थी परंतु लड़की के गायब होने के पश्चात मां लड़की के फूफा के यहां रहने चली गई जानकारी मिलने के पश्चात लड़की का फूफा लड़की को लेने आया था फूफा के अनुसार लड़की की उम्र 21 साल है.

### सोशल मिडिया हुआ मददगार साबित -

गुम हुई आदिवासी युवती की जानकारी परिजनों तक सोशल मीडिया के जरिए पहुंची तो परिजनों ने वीडियो में दिए गए नंबर पर संपर्क किया और उसे लेने जबलपुर पहुंच गए। झारखंड में उसके गांव आमडंडा में युवती के फूफा बिंदाशाह को किसी ने वीडियो दिखाया तो उन्होंने उसे पहचान लिया और फिर आशीष ठाकुर से संपर्क कर जबलपुर आ गए।

### युवती को कुछ नहीं है याद-

नेहा मानसिक रूप से कमजोर है। जिसकी वजह से उसे यह भी याद नहीं है कि वह कैसे अपने गांव से जबलपुर तक पहुंच गई। बस उसे इतना याद है कि वह बस में कहीं जा रही थी तो एक व्यक्ति उसे परेशान कर रहा था। जिससे बचने के लिए वह रेलवे स्टेशन पहुंची और किसी ट्रेन में बैठ गई और वह जबलपुर पहुंच गई।

### मां के साथ रहती है नेहा

वही युक्ति को लेने आए उसके फूफा बिंदा शाह ने बताया कि उन्हें युक्ति के लापता होने की जानकारी उसकी मां के द्वारा प्राप्त हुई थी क्योंकि नेहा के पिता की मौत हो चुकी है और अब उसकी मां ही उसकी देखभाल करती हैं जो की खेती में मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रही है मां की अनुपस्थिति में ही बेटी घर से लापता हो गई थी उन्होंने बताया कि उन्होंने उसे की गुणसूत्र की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज नहीं कराई लेकिन समाज से भी आशीष ठाकुर द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो के जरिए ही उन्हें नेहा के जबलपुर में होने की जानकारी लगी तो उन्होंने आशीष ठाकुर से फोन पर संपर्क किया और वह उसे लेने जबलपुर आ गए। अब नेहा मिल गई है तो उन्हें खुशी हो रही है।

### नेहा के परिजनों को बुलाने आशीष ठाकुर ने भेजे पैसे

मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने बताया कि नेहा जबलपुर स्टेशन में उतरकर भटक रही थी तो पुलिस के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली। जिस पर भी उसे लेकर आश्रय स्थल आए और यहां उसके रहने खाने पीने का इंतजाम किया साथ ही लगातार उसे उसके परिजनों और गांव के बारे में जानकारी भी लेने की कोशिश करते रहे जिसमें उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि युक्ति शिक्षित नहीं थी और उसकी भाषा भी समझ में नहीं आ रही थी लेकिन जैसे तैसे उसने अपने माता-पिता का नाम और गांव का नाम याद करके बताया तब उन्होंने इसका एक बार वीडियो बनाकर फिर से सोशल मीडिया में शेयर किया और पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ बिहार झारखंड आदि जगहों पर परिचितों के माध्यम से वीडियो पहुंचाया गया और इसी के जरिए उन्हें सफलता भी मिली। उन्होंने बताया कि उनके आश्रम स्थल पर नेहा जैसे कई महिला पुरुष युवा बच्चे हैं जो मानसिक रूप से कमजोर या विकसित हैं और कई वर्षों से अपने घर परिवार से दूर हैं वह सभी के लिए उन्हें उनके परिजनों से मिलवाने का प्रयास करते रहते हैं। नेहा के मामले में भी उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी और इसमें सोशल मीडिया ही मददगार साबित हुआ। उन्होंने बताया कि जब नेहा के फूफा ने उनसे संपर्क किया तो उनके पास जबलपुर आने के भी पैसे नहीं थे तो उन्होंने उनके पैसे से मदद की उन्हें पैसे भेजे और उनकी टिकट करवा कर उन्हें यहां बुलवाया।

## अस्पताल में डॉक्टर ने जमीन पर बैठकर देखे मरीज, प्रबंधन पर लगा कुर्सी टेबल हटाने का आरोप

# अस्पताल में चल रही डॉक्टरों की गुटबाजी?

**सिहोरा।** सिहोरा का एक मात्र सिविल अस्पताल इस समय मरीजों को इलाज उपलब्ध कराने की जगह गुटबाजी का शिकार हो रहा है अब प्रबंधन पर कुर्सी टेबल हटवाने के आरोप लग रहे हैंजिसका ताजा उदाहरण गत दिनों देखने को मिला। जब एक डाक्टर को कथित तौर पर नीचा दिखाने अस्पताल प्रबंधन ने बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं दी।





### क्या है मामला

सिविल अस्पताल सिहोरा में पदस्थ डॉ राधवेंद्र त्रिपाठी अन्य मरीजों के साथ मानसिक रोगियों एंव केंसर मरीजों का भी इस समय बेहतर इलाज अस्पताल में स्थापित मन क्लीनिक में बैठकर करते हैं जो शायद वहां पदस्थ अनेक डाक्टरों को रास नहीं आ रहा है क्योंकि वे शायद इनके जैसे इलाज करने में नाकाम साबित हो रहे हैं और हद तो तब हो गई जब डाक्टर त्रिपाठी के अस्पताल पहुंचने पर उनकी टेबल कुर्सी ही गायब मिली और इस संबंध में जब अस्पताल प्रबंधन से बात की तो वहां से भी गोल मोल जबाब दिया गया।तब उन्होंने जमीन पर बैठकर ही मरीजों का इलाज करना प्रारम्भ कर दिया। यह सोचनीय विषय है कि जब हम डाक्टरों को भगवान का दर्जा देते हैं और एक डाक्टर के साथ उसका स्टाफ ही ऐसा ब्यौहार कर रहा है।

### डाक्टरों के बीच अस्पताल में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा

सिविल अस्पताल के एक डाक्टर के साथ इस तरह की घटना से साफ हो गया है कि अस्पताल में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और इसमें स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को ध्यान देना चाहिए नहीं तो वो दिन दूर नहीं जब अस्पताल केवल डाक्टरों की राजनीति का अखाड़ा बनकर रह जायेगा और मरीजों की इलाज नहीं होगा। यह घटना तो सिर्फ बानगी है अस्पताल प्रबंधन के द्वारा डाक्टर के साथ कथित दुर्व्यवहार की यहां पदस्त बहुत से ऐसे डाक्टर है जो इलाज कम नेतागिरी ज्यादा कर रहे हैं।

### जमीन पर ही बैठकर मरीजों को देखूंगा

इस संबंध में जब डॉक्टर राधवेंद्र त्रिपाठी से बात की गई तो उनका कहना था कि प्रत्येक गुरुवार को सिविल हॉस्पिटल में मन कक्ष ओपीडी मेरे द्वारा संचालित करने के साथ डे केयर कीमोथेरेपी भी दी जाती है।लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा मेरे बैठने की जगह से टेबल कुर्सी तक को हटा दिया गया इस बात के गवाह अनेक मरीज हैं जिनका मैंने ज़मीन में बैठकर इलाज किया। मन क्लीनिक का स्थान बदलने की मुझे कोई सुचना नहीं दी गई मैं तो मरीजो को देखूंगा चाहे अस्पताल में ज़मीन पर बैठकर कर देखूं या रोड में बैठकर।

### इनका कहना है

अस्पताल में स्थापित मन ओपीडी को दुसरी जगह स्थानांतरित करके सारी व्यवस्थाएं कराने बोला था लेकिन उन्होंने जमीन पर बैठकर ही मरीजों को देखना शुरु कर दिया।

डॉ सुनील लटियार
प्रभारी सिविल अस्पताल सिहोरा

## वन्य जीव को बीमारियों से बचाना हमारा कर्तव्य : शर्मा

### वेटरनरी विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ




**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि के स्कूल आफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ, वन विभाग मध्य प्रदेश एवं भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिड़ियाघर एवं वन्य जीव (एआईजेडडब्ल्यूवी) का 15 वां वार्षिक सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइन स्थित वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि वेटरनरी कौंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक केंट अशोक रोहाणी, विवि के कुलगुरु प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा, पीसीसीएफ (मुख्य) असीम श्रीवास्तव, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभरंजन सेन, एआईजेडडब्ल्यूवी डॉ. अपूर्व चक्रवर्ती, वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. आरके शर्मा, कॉफ्रेंस संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विवि के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा ने कॉफ्रेंस के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कॉफ्रेंस में आए सभी डेलीगेट्स को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस तीन दिवसीय सम्मेलन के विषय को बहुत ही उपयुक्त बताया और कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलन की आज वन्य जीव संरक्षण हेतु बहुत आवश्यकता है साथ ही उन्होंने कहा वन्य जीव को बीमारियों से बचाना हमारा कर्तव्य है उन्होंने इस सम्मेलन में पधारे विदेशी वैज्ञानिकों और भारतीय वैज्ञानिकों को आपस में अपना ज्ञान आदान-प्रदान करने हेतु इच्छा जाहिर की। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीके मिश्रा,विवि के कुलसचिव डॉ. एसएस तोमर, भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून से पधारे डॉक्टर पराग निगम,सीसीएफ जबलपुर कमल अरोरा, कान्हा टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर रविन्द्र मणि त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के पूर्व अधिकारी जिसमें एसएमएस परमार, डॉक्टर ओ पी श्रीवास्तव आदि, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी गण महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष, डॉ लखनी, सहित बड़ी संख्या में कॉलेज की फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती



**जबलपुर।** संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर परमात्मन सेन समाज सेवा समिति एवं क्षत्रिय नंदवंशी सेन न्यासी समाज के तत्वावधान में 25 अप्रेल को संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजन का आयोजन किया जाएगा। परमात्मन सेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन ने बताया कि सेन महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर गोहलपुर न्यू नर्मदा नगर मालगुजार परिसर पर स्थित शांतम प्रज्ञा आश्रम में सेन महाराज की प्रतिमा स्थापित कर श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ एवं पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही शाम 07 बजे प्रभु श्रीराम की आरती की जाएगी। इस अवसर पर एड. राकेश सेन, दिलीप श्रीवास, मुकेश कुमार सेन, अनिल सेन, रूपेश पिंटू पटेल, समाजसेवी सुरेन्द्र गणेश चौहान, सुनील पटेल, यशरंजन श्रीवास, प्रताप प्रजापति, पं. चंचल गौतम, भविष्य श्रीवास, शुभम श्रीवास, हर्ष श्रीवास, अभिषेक कोरी, प्रवीण नामदेव सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

### संत सेन महाराज जयंती पर धार्मिक आयोजन आज

**जबलपुर।** सेन समाज सैलून वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष विकास सेन, उपाध्यक्ष सुरेश सेन छोटू, महासचिव सुरेश सेन ने बताया कि संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती पर 25 अप्रेल को प्रातः 08 बजे कलश यात्रा, पूर्वान्ह 11 बजे पूजन, हवन, मध्यान्ह 12 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, अपरान्ह 03 बजे सम्मान समारोह का आयोजन प्रज्ञा मंडपम मेहता पेट्रोल पम्प यादव कालोनी लेबर चौक में किया गया है। सम्मान समारोह के उपरांत महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध विकास सेन, रामचरण उसरेठे, चन्द्रप्रकाश श्रीवास, प्रकाश सेन, नारायण श्रीवास, रामदास सेन सहित समस्त सेन समाज ने किया है।

## छात्रावास में भोजन की समस्या से जूझ रहे छात्र, अभाविपा ने सौंपा ज्ञापन




**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय इकाई जबलपुर द्वारा विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को 16 सूत्रीय मागो को लेकर कुलगुरु को ज्ञापन सौंपा गया व शीघ्र निराकरण की मांग की। अभाविप के महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में छात्रों को भोजन की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं एवं तरण ताल स्विमिंग पूल को जल्दी से जल्दी चालू किया जाए। अभाविप जबलपुर महानगर के कार्यकर्ता व विश्वविद्यालय के छात्रों ने 16 सूत्रीय मगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कुलगुरु के समक्ष मांग रखी की, छात्रावासों में पेयजल की अति गंभीर समस्या, मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, शोचालयों की सफ़ाई की व्यवस्थाएं, तरण ताल स्विमिंग पूल को जल्दी से जल्दी चालू किया जाना आदि मांग शामिल है। इस अवसर पर महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर,प्रांत अगरिविज़न प्रमुख मधुसूधन चौधरी,पूर्व भाग आप संयोजक अक्षत ताम्बाकर, मनु दुबे, वीरेंद्र रजक, अनुराग बरूआ, कीर्ति उर्मलिया, आचार्य कार्तिकेय, प्रबल भट्ट, अनुज गुप्ता, नितिन शर्मा एवं विश्वविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## वल्लभाचार्य भारतीय संत एवं दार्शनिक थे, जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत आज वल्लभाचार्य जंयती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि वल्लभाचार्य भारतीय संत एवं दार्शनिक थें साथ ही वे भारतीय ज्ञान परंपरा के पुरोधा, अद्वैतवाद और पुष्टिमार्ग के संस्थापक थे। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया ने बताया कि वल्लभाचार्य भक्तिकालीन सगुण भक्तिकालीन कृष्ण भक्तिशाखा के आधार स्तंभ थे। वल्लभाचार्य न केवल एक संत थे, बल्कि समाज के लिए मार्गदर्शक भी थे। वल्लभाचार्य का दर्शन, उनकी भक्ति परंपरा और उनके द्वारा स्थापित पुष्टिमार्ग आज भी समाज में पालन किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ 52 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### आशीष शुक्ला बने मण्डल उपाध्यक्ष



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ता और भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सहसंयोजक आशीष शुक्ला को बरगी विधानसभा के विधायक नीरज सिंह, जबलपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष राजकुमार पटैल और भेड़ाघाट मण्डल के अध्यक्ष धीरज पटैल की सहमति से भेड़ाघाट मण्डल का उपाध्यक्ष बनाया गया। आशीष शुक्ला की नियुक्ति पर भेड़ाघाट मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं ने ख़ुशी जाहिर कर शुभकामनायें प्रेषित की।

### ग्रीष्मकालीन लोक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला आज से

**जबलपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने हेतु छत्र-छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन लोक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इंद्रलोक परफॉर्मिंग आर्ट संस्था जबलपुर के द्वारा 25 अप्रेल से 10 मई तक किया जा रहा है, प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना पंजीयन श्री जानकी रमन महाविद्यालय प्रांगण लाइव मेडी हॉस्पिटल के बाजू से आगा चौक में करा सकते हैं। कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 07 से 10 बजे तक रहेगी।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को मिला सम्मान



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) द्वारा सम्मानित किया जाएगा। HUDCO अपने 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व क्षेत्र कंपनी के सराहनीय योगदान को मान्यता देते हुए यह सम्मान प्रदान कर रही है। HUDCO के चेयरमेन एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने पत्र जारी कर बताया कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने राज्य में बिजली के बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। HUDCO ने कंपनी के साथ अपनी साझेदारी को गौरव का विषय बताया। यह पुरस्कार 25 अप्रैल 2025 को स्टेन ऑडिटोरियम, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) संजय भागवतकर यह अवार्ड प्राप्त करेंगे।

## ग्राम उड़ना में फूंका पाकिस्तान का पुतला, बदला लो बदला लो के लगे नारे



**पाटन।** पहलगाम की आतंकवादी घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश की लहर है जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में भी इस घटना के बाद जमकर आक्रोश देखने को मिल रहा है जगह-जगह पाकिस्तान के पुतले फूंके जा रहे हैं और सभी एक स्वर में पाकिस्तान मुर्दाबाद और बदला लो बदला लो के नारे लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे पर्यटकों को मारा है इसका जल्द से जल्द बदला लिया जाए। पाटन के ग्राम उड़ना में सरपंच बृजेश बादल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने जमकर नारेबाजी की और पाकिस्तान से बदला लेने की मांग की। इस दौरान पाकिस्तान का एक पुतला भी फूंका गया। गांव के बच्चे भी हाथों में पोस्टर लेकर बदला लो बदला लो के नारे लगा रहे थे ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से आतंकवादियों ने बर्बरता की है उसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द देंगे ऐसी उन्हें उम्मीद है। पुलवामा के बाद जिस तरह से सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी एक बार फिर से आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का काम देश के प्रधानमंत्री जल्द ही करेंगे।



## राजगुरु संत सेन आश्रम में हर्षोल्लास से मनाई सेन जयंती

**जबलपुर।** श्री संत सेन आश्रम चन्द्रमोहन नगर रांझी में 24 अप्रेल को संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। उक्त कार्यक्रम इन्द्रमणी सेन के निवास पर आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्यारेलाल श्रीवास, घनश्याम सराठे, माधव सराठे, इन्द्रमणी सेन, मिट्ठूलाल सराठे, शिवचरण श्रीवास, राजकुमार सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जेईई मेन में एपीएन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**जबलपुर।** एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकण्डरी स्कूल के छात्र यर्थात प्राकुल सरोत्रिया ने JEE Main में 99.445 एवं छात्रा तनिषा पांडे ने 98.794 अंक प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, सीबीएसई प्राचार्य मुकेश चौरसिया, मानवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्रा तनिषा पांडे, छात्र यर्थात प्राकुल सरोत्रिया को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शिक्षक बच्चों को स्कूल भेजने के लिए घर-घर कर रहे संपर्क



**सिहोरा।** शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए, सिहोरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे,बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, बी ए सी अश्वनी उपाध्याय,राकेश मिश्रा द्वारा बच्चों को स्कूल भेजने शिक्षकों गृह संपर्क करने कहा गया है। इसी तारतम्य में जनशिक्षा केंद्र खितौला बाजार के अंतर्गत प्राचार्य जे एल खांडे, जनशिक्षक श्यामराव मांडेलकर के दिशा निर्देशन में वार्ड नंबर 13 , वार्ड नंबर 14 लखराम, वार्ड 15 खितौला बाजार, वार्ड 16,17 में शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया नाका और माध्यमिक शाला खितौला बस्ती के शिक्षकों द्वारा गर्मी में भी सक्रिय रूप से बसाहटों में गृह संपर्क कर रहे हैं। शिक्षक अभिभावकों से मिलकर बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। हालांकि शिक्षकों के इस प्रयास में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश अभिभावक भीषण गर्मी का हवाला देते हुए बच्चों को स्कूल भेजने में असमर्थता जता रहे हैं। कुछ माता-पिता ने बताया कि वे स्वयं मजदूरी या अन्य कार्यों पर जाते हैं, जिसके कारण बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। गृह संपर्क में सक्रिय शिक्षकों में योगेन्द्र कुमार मिश्रा, तहमीना बानो अंसारी, जय प्रकाश तिवारी, मंजू दुबे, सरोज पटेल, अतिथि शिक्षक योगेश्वरी श्रीवास्तव, बलराम बर्मन, लीलावती उरमलिया, सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0002 A-121/2025-26

**-: आम इश्तहार :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त उद्योग संचालनालय म.प्र. अधोसंरचना विकास कक्ष ग्राम मोहनिया स्थित खसरा नं. 111. 112 रखवा 0.741 हेक्ट. 3.20 हेक्ट. कुल रकवा 9.91 हेक्ट. भूमि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग म.प्र. शासन को औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि की मांग की गई है। अतः उपरोक्त भूमि आवंटन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 06/05/2025 उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/04 225 को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 21/04/2025
पेशी दिनांक :- 06/05/2025

सील

नायब तहसीलदार
जबलपुर जिला-जबलपुर



**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS AMIT KALWAY I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY SURNAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS AMIT KALVE S/O SHRIKANT KALVE RESIDENT OF - 208, GWARIGHAT ROAD, POLICE CHOWKI KE PICHE, NAYI BASTI, GORIGHAT, (M. P.) 482001


## निधन




**श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव**



अर्पित अपार्टमेंट नागरथ चौक निवासी श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव का निधन हो गया। वे शांतनु के पिताजी और एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव व पश्चिम मध्य रेल के अभियंता मनीष श्रीवास्तव के अग्रज थे। अंतिम संस्कार ग्वीघाट मोक्षधाम में हुआ।

**श्रीमती नेमवती पंधा-** आजाद चौक सिहोरा निवासी श्री उदय सिंह पंधा की धर्मपत्नी श्रीमती नेमवती पंधा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर लाल श्रीवास्तव-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री सुंदर लाल श्रीवास्तव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बानी चटर्जी-** भसीन अपार्टमेंट गौरीघाट निवासी श्री हिरोक चटर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती बानी चटर्जी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रंजोर सिंह ठाकुर-** रतन नगर इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री रंजोर सिंह ठाकुर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मुकेश कुमार कहार-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री मनीलाल कहार के पुत्र श्री मुकेश कुमार कहार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश श्रीवास-** फकीरचंद के अखाड़े के पास बाबा टोला निवासी श्री कमलेश श्रीवास (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विश्राम सिंह श्रीवात्री-** छापर रामपुर विजयनगर निवासी श्री विश्राम सिंह श्रीवात्री (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई जयसिंघानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री भगवान दास जयसिंघानी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई जयसिंघानी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शेरू ठाकुर-** यादव मोहल्ला रामपुर निवासी श्री शेरू ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू अहिरवार-** ठक्कर ग्राम निवासी श्री बालचंद अहिरवार के पुत्र श्री राजू अहिरवार (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव-** अर्पित अपार्टमेंट नागरथ चौक के पास निवासी श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहर तड़से-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री मनोहर तड़से (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

सीएम, गृहमंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नागरिक रहे मौजूद

# आतंकी हमले में मारे गए दिनेश को बेटे शौर्य ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए दिनेश मीरानिया का गुरुवार को रायपुर स्थित मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

कारोबारी के बेटे शौर्य मीरानिया ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। मीरानिया को श्रद्धांजलि देने के लिए रायपुर समेत सभी जिलों के लोग उनके निवास समता कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार को और भी सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी अंतिम यात्रा समता कॉलोनी स्थित निवास से शुरू होकर मारवाड़ी श्मशान घाट तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा ने आज और कल के सभी अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता मारवाड़ी श्मशान घाट में पहुंचकर के दिनेश मीरानिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा के गृह मंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि इस मामले में और भी सख्त उठाया जाएगा।

# अधिकारी-कर्मचारियों की तबादला नीति से किसी को फायदा, कोई उठाएगा नुकसान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लगभग ढाई साल बाद प्रदेश के सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तबादलों से प्रतिबंध हटने वाला है। सरकार ने तबादला नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है। इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार राज्य मंत्रिमंडल की अगली बैठक में इस तबादला नीति को मंजूरी दी जा सकती है।

इसके बाद 1 से 30 मई के मध्य अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले किए जा सकेंगे। नीति के अनुसार किसी भी विभाग में अधिकतम 10 फीसदी सरकारी अमले के ही तबादले होंगे। साफ है कि हर कोई तबादला नहीं करा सकेगा।

## *तबादला नीति के प्रारूप को दिया जा रहा अंतिम रूप*

### शैक्षणिक सत्र के मध्य तबादले नहीं चाहते थे मुख्यमंत्री




जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की इच्छा थी कि शैक्षणिक सत्र के बीच में तबादले न हों। एक बैठक में उन्होंने इसकी दो वजह भी बताई थीं। पहला यह कि सत्र के बीच किसी शिक्षक का तबादला होता है, तो उस स्कूल के छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। शिक्षक को भी नई संस्था में जाने के बाद पढ़ाई में मन लगाने में समय लगता है। दूसरा, विभागों के कर्मचारियों के तबादले शैक्षणिक सत्र के मध्य होते हैं, तो उनके बच्चों को स्कूल शिफ्ट करने में परेशानी होती है। कर्मचारी और उनके परिवारों को सत्र खत्म होने तक दूर-दूर रहना पड़ता है। इससे सरकारी काम भी प्रभावित होता है और परिवार को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### इनके लिए राहत लेकर आएगी तबादला नीति

तबादला नीति का जो प्रारूप तैयार हुआ है, यह उन सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आएगी, जो दो साल से ज्यादा समय से तबादलों पर प्रतिबंध के चलते एक ही जगह अटके हुए थे। अब वे स्वेच्छा से तबादले के लिए आवेदन कर सकेंगे और विशेष परिस्थितियों में मनचाही जगह पोस्टिंग भी मिल सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों में तबादलों की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की जाएगी, जिससे व्यवस्था पारदर्शी होगी और कर्मचारियों को सुविधा रहेगी।

मंत्रिमंडल की अगली बैठक में मंजूरी की संभावना

### नीति से इनके सामने आएगी मुश्किल

नई तबादला नीति उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए मुश्किल का कारण बन सकती है, जो पिछले 3 साल या उससे ज्यादा समय से एक ही स्थान और पद पर जमे हुए हैं। प्रावधान किया जा रहा है कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारयों का तबादला किया जाए। बहुत सारे लोगों को दूसरे जिलों में भी भेजा जा सकता है। तबादलों से प्रतिबंध हटने की खबर मात्र से एक जगह लंबे समय से जमे अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। वे चाहते हैं कि उन्हें डिस्टर्ब न किया जाए।

### ट्रांसफर पर भत्ता को लेकर रहेगी यह नीति

नई तबादला नीति में ये प्रावधान भी किया गया है कि स्वेच्छा से ट्रांसफर लेने वाले कर्मचारियों को कोई भत्ता नहीं दिया जाएगा, लेकिन जिनका ट्रांसफर प्रशासनिक वजहों से किया जाएगा, उन्हें सरकार की ओर से भत्ते की सुविधा दी जाएगी। तबादलों की प्रक्रिया में मंत्रियों की मुख्य भूमिका होगी। अपने विभाग के कर्मचारियों का ट्रांसफर मंत्री कर सकेंगे। राजपत्रित अधिकारियों के तबादले के लिए मुख्यमंत्री की सहमति जरूरी होगी।

### मंत्रियों, प्रभारी मंत्रियों को मिलेगा अधिकार

नई तबादला नीति के तहत कई बदलाव और नई व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनका उद्देश्य प्रक्रिया को पारदर्शी, सुनियोजित और कर्मचारियों के हित में बनाना है। 1 से 30 मई के मध्य अधिकांश विभागीय तबादले पूरे किए जाएंगे। संबंधित विभाग के मंत्री को उनके अधीन कर्मचारियों के अंतर-जिला तबादलों की अनुशंसा का अधिकार मिलेगा। जिलों के अंदर प्रभारी मंत्रियों की सिफारिश पर ही तबादले होंगे। जिलों के अंदर तबादलों की सूचियां कलेक्टर के जिरए प्रभारी मंत्री के पास भेजी जाएंगी और उनके अनुमोदन के बाद ही तबादला आदेश जारी हो सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### 'ई-लर्निंग के दौर में भी कम नहीं होगी पुस्तकों के अध्ययन की प्रासंगिकता'

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पुस्तक दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकों का जीवन में बड़ा महत्व है, पुस्तकें ज्ञान के भंडार के साथ-साथ हमारे लिए अनुभव, संवेदनाओं एवं प्रगति का प्रामाणिक दस्तावेज हैं, जिनके अध्ययन से जीवन को सदैव नई दिशा मिलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और ई-लर्निंग के दौर में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दूरदर्शिता के अनुसार चिकित्सा और तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई राष्ट्रभाषा में संचालित करने का अभियान चलाया है। यह नई पीढ़ी को पुस्तकों से जुड़ाव के लिए प्रेरित करेगा। इससे अध्ययन की प्रासंगिकता बनी रहेगी। डॉ. यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' और मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

### आम आदमी पार्टी का एक मई से प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी अपने संगठन का विस्तार करने के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल के नेतृत्व में एक मई से सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक से 15 मई तक शहरी क्षेत्रों में वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा से आमजन को अवगत कराकर सदस्यता अभियान चलाएंगी। साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश के लिए एक नंबर जारी किया जाएगा जिससे कोई भी व्यक्ति उस नंबर पर मिस्ड कॉल कर आम आदमी पार्टी का सदस्य बन सकता है। आप का सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल के लिए नंबर 30 अप्रैल को रानी अग्रवाल द्वारा जारी किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल दर पर गेहूं की खरीदी

# गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में मप्र पंजाब और हरियाणा से भी आगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरे देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीद रही है, ताकि प्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को सर्वाधिक लाभ मिले। इस उपार्जन राशि में सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में हम पंजाब और हरियाणा जैसे खाद्यान्न उत्पादक राज्यों से भी आगे हैं।

उन्होंने सभी प्रकार के राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के पात्रतानुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

सीएम ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा में दिए कई निर्देश

राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के आदेश



### *गेहूं उपार्जन का काम 5 मई तक पूरा कर लें*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल तक करें। इस अवधि तक बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से गेहूं उपार्जन का समस्त कार्य 5 मई तक हर हाल में पूरा किया जाए।*

### पात्र लोगों को राशन पाने में न हो कोई समस्या, अधिकारी तत्परता से करें काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशन पाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं खासकर खाद्यान्न वितरण, उज्जवला गैस योजना की सब्सिडी वितरण और घर-घर घरेलू गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की पाइप लाइन डालने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मक्का, कोदो-कुटकी जैसे श्रीअन्न भी स्व-सहायता समूह एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को दिए जाएं, ताकि इनकी मांग (खपत) में वृद्धि हो और श्रीअन्न पैदा करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिले।

### हेरा-फेरी पर अंकुश के लिए क्यूआर कोड लगाएंगे

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में बताया कि गोदामों में खाद्यान्न स्कंध की हेरा-फेरी पर अंकुश लगाने के लिए अब खाद्य विभाग द्वारा खाद्यान्नों के सभी बारदानों (बोरों) में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इसी तरह एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधीन सभी वेयरहाउस को भी क्यूआर कोडयुक्त किया जा रहा है। इनमें सीसीटीव्ही कैमरे भी लगवाए जाएंगे। खाद्यान्न वितरण, शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नजर रखने एवं फूड-स्टॉकिंग के सभी कामों की मुख्यालय से निगरानी के लिए भोपाल में एक कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है। राजपूत ने बताया कि उपार्जित स्कंध की साफ-सफाई के लिए उपार्जन केन्द्रों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनों की स्थापना की गई है।

## 44 जिलों ने लक्ष्य से अधिक किया संग्रहण



# सैनिकों के कल्याण प्रयासों में सहयोग राष्ट्र सेवा का संकल्प

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि तेरा 'वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे न रहें', भावना के साथ सीमाओं की रक्षा के लिए त्याग और बलिदान देने वाले सैनिकों के कल्याण प्रयासों में सहयोग राष्ट्र सेवा का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 55 जिलों में से 44 जिलों में लक्ष्य से अधिक राशि का समामेलित निधि में संग्रहण हर्ष और गर्व की बात है। यह उपलब्धि आम नागरिकों के सेना के प्रति परस्पर प्रेम का प्रतीक है। पटेल समामेलित विशेष निधि में एक लाख रुपए से अधिक राशि का दान देने वाले नागरिकों, संस्थाओं और लक्ष्य से अधिक राशि संकलित करने वाले संभागीय और जिला अधिकारियों के अभिनंदन कार्यक्रम को राजभवन में संबोधित कर रहे थे।

### *प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित*

*राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में संभाग आयुक्त नर्मदापुरम श्रीकृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर नीमच हिमांशु चन्द्रा, कलेक्टर अलीराजपुर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी दमोह, सतना, सिंगरौली और 26 व्यक्तिगत एवं संस्थागत दान दाताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्ष मप्र भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति, भोपाल की ओर से एक करोड़ रुपए की सहयोग राशि के लिए सम्मानित किया गया।*

## गांवों में आएगी डिजिटल क्रांति, सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

# सीएम ने किया अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई।



मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र की जड़ें हैं और इन्हें मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े। आज मोदी की इस गारंटी को पूरा करते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग पेंशनधारी, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं बहनें, अन्नदाता किसानों को पीएम किसान निधि समेत डीबीटी से प्राप्त राशि के आहरण की सुविधा अब गांव में ही मिलने लगेगी। सीएम साय ने कहा कि ग्रामीणों को अब लंबी दूरी तय कर बैंक नहीं जाना पड़ेगा और समय के साथ-साथ उनके आने-जाने में खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड जैसी सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान और सुगम हो जाएंगी।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कररेगुट्टा के जंगल में चल रही मुठभेड़

# मुठभेड़ में तीन नक्सलियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर बीजापुर जिले के कररेगुट्टा के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने 3 दिन पहले सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक शुरू किया था।

तलाशी अभियान और मुठभेड़ जारी है। जानकारी के मुताबिक, कररेगुट्टा की पहाड़ियों पर रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। नक्सली लीडर हिड़मा, देवा समेत कई बड़े नक्सली लीडर्स की मौजूदगी की



सूचना पर ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया गया। पिछले 72 घंटे से भी अधिक समय से पहाड़ी को जवानों ने चारों ओर से घेर रखा है। कुछ दिन पहले नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर इस इलाके में बड़ी संख्या में आईईडी लगाए जाने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को पहाड़ी में ना आने की जानकारी दी थी। पहाड़ियों में सैकड़ों सीरियल आईईडी लगे होने की सूचना है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा से यह इलाका लगा हुआ है। ऑपरेशन में डीआरजी बस्तर फाइटर कोबरा सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के जवान शामिल हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ऑपरेशन पल-पल का अपडेट ले रहे हैं। एडीजी विवेकानंद सिन्हा सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल व बस्तर आईजी पी. सुंदरराज मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

# ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे कुटीर और ग्रामोद्योग उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग, औद्योगिकरण की सबसे छोटी इकाई हैं। इसमें ग्राम स्तर तक लोगों को उद्यमिता और उत्पादन से जोड़ा जा सकता है। क्षेत्रवार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उज्जैन, महेश्वर, चंदेरी, भोपाल, ग्वालियर आदि की हस्तशिल्प कला और हथकरघा से निर्मित सामग्री की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग सुनिश्चित की जाए। कुटीर और ग्राम स्तर पर गतिविधियों का विस्तार करते हुए उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की बैठक कर गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि ग्राम और परिवार स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, मार्केट लिंकेज और बेहतर प्रस्तुतिकरण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। विभाग, स्वयं सामग्री का उत्पादन करने के स्थान पर निजी स्तर पर संचालित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की नीति अपनाएं।




### मां अहिल्या देवी के नाम से साड़ियों का नया कलेक्शन

बैठक में जानकारी दी गई कि मां अहिल्या देवी की 300वीं जयंती पर महेश्वर किले में उकेरे डिजाइनों और पैटर्नों को साड़ियों पर उकेर कर मां अहिल्या देवी के नाम से साड़ियों का नया कलेक्शन जारी किया जाएगा। प्रदेश में रेशम केंद्रों को सिल्क टूरिज्म के रूप में विकसित करना भी प्रस्तावित है। बुरहानपुर में परम्परागत रूप से चली आ रही रेशम और खादी की गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए 10 लूम और 50 चरखों की व्यवस्था की जा रही है। शीघ्र ही वहां खादी उत्पादन केंद्र आरंभ किया जाएगा, जिससे लगभग 100 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। पचमढ़ी में सिल्क टेक पार्क का उद्घाटन किया गया है, जहां मलबरी, टसर, एरी और मुंगा चारों प्रकार के रेशम उगाए जा रहे हैं। रेशम उत्पादों को आधुनिक फैशन के साथ जोड़ने के उद्देश्य से इंदौर और मुम्बई में फैशन तकनीकी छात्रों और शासकीय संस्थाओं की मदद से फैशन शो आयोजित किए गए।

### *स्थानीय युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग के अंतर्गत खाद्य सामग्री से संबंधित उत्पादों को भी जोड़ना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन को सहायक गतिविधि के रूप में लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश में विद्यमान धार्मिक स्थलों के आसपास भगवान के वस्त्र निर्माण, धातु- लकड़ी- मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण और अन्य पूजा सामग्री बनाने से स्थानीय युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हुई प्रगति की सराहना की।*

नए कैंप के साथ माड़ क्षेत्रों में कैंपों की कुल संख्या 5 हुई

# अबूझमाड़ में आईटीबीपी का नया कैंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोंडागांव जिले के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों की रणनीति लगातार बढ़ती जा रही है। इसी तारतम्य में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित गांव नेलांगुर गांव में एक नया कैंप स्थापित कर अपनी मौजूदगी को और मजबूत कर लिया है। इस नए कैंप के साथ माड़ क्षेत्रों में आईटीबीपी द्वारा स्थापित कैंपों की संख्या जनवरी 2025 से अब तक कुल पांच हो चुकी है।

माड़ क्षेत्र को वर्षों से नक्सलियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता रहा है, लेकिन कुछ वर्षों में माड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों ने इस प्रथा को तोड़ना शुरू कर दिया है। आईटीबीपी की 45वीं वाहिनी द्वारा स्थापित नेलांगुर कैंप महाराष्ट्र की सीमा से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा बलों ने अबूझमाड़ को दक्षिण से जोड़ने की रणनीति पर निर्णायक कदम बढ़ा दिया है। आईटीबीपी, डीआरजी और छत्तीसगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के चलते इस क्षेत्र में नक्सलियों की पकड़ लगातार कमजोर पड़ती जा रही है। बड़ी संख्या में नक्सली या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या फिर इलाके से भागने को मजबूर हो रहे हैं। नेलांगुर में कैंप खुलने से न



केवल ऑपरेशनों की तीव्रता में वृद्धि हुई है, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी सुरक्षा, स्वास्थ्य, पीने का पानी, सड़क और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलने लगी हैं। यह कैंप आईटीबीपी के भुवनेश्वर स्थित सामरिक मुख्यालय के अधीन संचालित हो रहा है, जिसकी निगरानी केंद्रीय फ्रंटियर कमान द्वारा की जा रही है। 45वीं वाहिनी की इस उपलब्धि के पीछे सुरक्षा बलों का आपसी तालमेल और नक्सली चुनौती के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई देती है। इस मौके पर विभिन्न वाहिनियों की टीमें भी मौजूद रहीं, जिन्होंने माओवादी प्रभाव को कमजोर करने के इस साझा लक्ष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### एसीसी का लाभ 20.4% घटकर 751 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सीमेंट विनिर्माता एसीसी लिमिटेड ने कहा कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 20.4 प्रतिशत घटकर 751.04 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी एसीसी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की इसी अवधि में उसने 943.39 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

### एनटीपीसी ग्रीन बांड के जरिए 5000 करोड़ रुपए जुटाएगी



**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) का निदेशक मंडल अगले सप्ताह वित्त वर्ष 2025-26 में एक या अधिक किस्तों में बांड के जरिये 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। एनजीईएल सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के हरित ऊर्जा उपायों को आगे बढ़ाने वाली प्रमुख कंपनी है।

### मैक्स एस्टेट्स ने 'दिल्ली वन' योजना का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्स एस्टेट्स लि. ने नोएडा में ठप पड़ी 'दिल्ली वन' परियोजना का दिवाला प्रक्रिया के माध्यम से अधिग्रहण करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संपत्ति को विकसित करने के लिए 1,400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

### पर्सिस्टेंट सिस्टम के लाभ में 25 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी पर्सिस्टेंट सिस्टम का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में 25.5 प्रतिशत बढ़कर 395.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में उसे 315.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### नेस्ले इंडिया का लाभ 6.5 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** मैगी, नेस्कैफे जैसे उत्पाद बनाने वाली नेस्ले इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 6.5 प्रतिशत घटकर 873.46 करोड़ रुपये रहा। नेस्ले इंडिया ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 934.17 करोड़ रुपये था।

### प्रयोगशाला में तैयार हीरों का ब्रांड 'लूसिरा' पेश



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन आभूषण विक्रेता फर्म कैंडेरे के संस्थापक रूपेश जैन ने प्रयोगशाला में बने कृत्रिम हीरों के ब्रांड 'लूसिरा' को पेश किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि नया ब्रांड वर्तमान में देश भर में आपूर्ति के साथ ऑनलाइन उपलब्ध होगा। ब्रांड प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में प्रमुख स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। खुदरा विस्तार किया जाएगा। वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, 2017 में कल्याण ज्वैलर्स ने कैंडेरे का अधिग्रहण किया था।

# स्वयं की सुरक्षा नहीं की तो नियम आपको नहीं बचा सकते

## बीएसई के सीईओ राममूर्ति ने निवेशकों को किया सतर्क

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बीएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररमण राममूर्ति ने निवेशकों में जागरूकता तथा जिम्मेदारी की जरूरत का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर निवेशक निवेश करते समय पर्याप्त सावधानी नहीं बरतते हैं तो केवल नियम उनकी रक्षा नहीं कर पाएंगे।

- निवेशक निवेश करते समय पर्याप्त सावधानी नहीं बरतते

राममूर्ति ने निवेशकों से सतर्क व नवीन सूचनाओं के बारे में जानकारी रखने का आग्रह किया और कहा कि यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको समस्या होगी। उन्होंने निवेशकों की उचित जांच-पड़ताल के बजाय सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति की भी आलोचना की।

### छोटे निवेशक म्यूचुअल फंड का रास्ता चुने

सीईओ ने जोर देकर कहा, 'यदि आप स्वयं को सुरक्षित नहीं रखना चाहते, तो कोई भी नियम आपको नहीं बचा सकता। सतर्क रहें।' राममूर्ति ने सलाह दी कि छोटे निवेशक जो बाजार विशेषज्ञ नहीं हैं, उन्हें म्यूचुअल फंड का रास्ता चुनना चाहिए और उन्हें 'थीमैटिक फंड' से बचना चाहिए...उन्हें म्यूचुअल फंड या लार्ज-कैप फंड चुनना चाहिए।



### करियर के शुरुआत से ही निवेश शुरू करे

राममूर्ति ने कहा कि महिलाओं और युवाओं को अपने करियर की शुरुआत में ही निवेश शुरू करना चाहिए। भारत के लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र की संभावनाओं का जिक्र करते हुए बीएसई के सीईओ ने कहा कि इस क्षेत्र की केवल 40 कंपनियां ही वर्तमान में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं, जबकि वास्तविक संभावना 1,000 से अधिक हो सकती है। *जिंदगी की कमाई निवेश से पहले जांच ले : राममूर्ति ने कहा, "आप सब्जी खरीदने से पहले उसे अच्छी तरह जांचते हैं, लेकिन जब आप अपनी जिंदगी की कमाई निवेश करते हैं, तो सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करते हैं...ऐसा नहीं होना चाहिए।" नियामक अपेक्षाओं के बारे में बीएसई प्रमुख ने कहा कि आम धारणा यह है कि जब निवेशक पैसा खो देते हैं तो नियामकों को दोषी ठहराया जाता है।*

### पंप एंड डंप को खारिज नहीं किया जा सकता

सीईओ ने लघु एवं मध्यम उद्यमों से आग्रह किया कि वे धन जुटाने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने तथा अपनी क्षमता को दुनिया के सामने लाने के लिए बाजार में सूचीबद्ध होने के व्यवहारिक मार्ग पर विचार करें। एसएमई सूचीबद्धता में संभावित हेरफेर पर किए सवाल पर राममूर्ति ने स्वीकार किया कि 'पंप-एंड-डंप' योजनाओं जैसे धोखाधड़ी को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है।

## पीएम मोदी ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन किया संबोधित

# इस्पात उत्पादन बढ़ाने निष्क्रिय पड़ी नई खदानों से लौह अयस्क होगा निकालना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से 'मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत' बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने को कहा। प्रधानमंत्री ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को 'ऑनलाइन' संबोधित करते हुए यह भी कहा कि देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए अपनी वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता है।

पीएम ने उद्योग से इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नयी खदानों से लौह अयस्क निकालना शुरू करने का भी आह्वान किया। मोदी ने इस्पात को 'उभरता हुआ क्षेत्र' बताते हुए इसका उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता बतायी, जो विकास की 'रीढ़' है। उन्होंने नई प्रक्रियाओं को अपनाने, नवोन्मेष करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयले का आयात कम करने पर भी विचार करने को कहा।

### कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात के लिए बड़ी चिंता

मोदी ने इस्पात उद्योग के प्रतिनिधियों को अपने संबोधन में कहा, "आइए, हम एक मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने स्वीकार किया कि कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात क्षेत्र के लिए एक 'बड़ी चिंता' है।

'इस्पात जैसा मजबूत भारत' बनाने मिलकर काम करे उद्योग → देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए वैश्विक भागीदारी बढ़ानी होगी → इस्पात को बताया उभरता हुआ क्षेत्र, बढ़ाना होगा उत्पादन

*नए खदानों का उपयोग नहीं हो पाया : मोदी ने कहा कि कई नयी खदानें हैं, जिनका उपयोग नहीं हो पाया है। उनका उचित और समय पर उपयोग किया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा।*



*इस्पात की खपत 160 किलो करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए और नई प्रक्रियाओं, नये स्तर और नये पैमाने को अपनाना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.9 करोड़ टन था। साथ ही प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत भी इसी अवधि में वर्तमान 98 किलो से बढ़ाकर 160 किलो करने का लक्ष्य है।*

### निकल, कोयला व मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर

पीएम ने सभी से वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने और आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, "एक बड़ी चिंता कच्चे माल की सुरक्षा है। हम अभी भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। और इसीलिए, हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना चाहिए, आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना चाहिए और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।"

### उच्च स्तर के इस्पात की मांग बढ़ेगी

पीएम ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या उच्च स्तर के इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत और चंद्रयान मिशन में इस्तेमाल किया गया इस्पात स्थानीय स्तर पर विनिर्मित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश निर्यात बाजार पर नजर रखते हुए आधुनिक और बड़े जहाज बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है।

### निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना होगा

मोदी ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इस्पात के मामले में लक्ष्य आयात को शून्य स्तर पर लाने और शुद्ध निर्यात को बढ़ावा देने पर होना चाहिए। देश का लक्ष्य 2047 तक इस्पात के मौजूदा 2.5 करोड़ टन निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना है।

# मित्तल समेत चार नए सदस्य विश्व बैंक की पहल से जुड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- निजी क्षेत्र निवेश प्रयोगशाला की पहल में शामिल किए गए
- नये चरण में लैब की सदस्यता का विस्तार किया गया

विश्व बैंक ने 'निजी क्षेत्र निवेश प्रयोगशाला' पहल के अगले चरण की शुरुआत करते हुए भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील मित्तल समेत चार प्रमुख लोगों को इसमें शामिल किया है।

विश्व बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नये चरण में लैब की सदस्यता का विस्तार किया गया है। इसमें विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार सृजन का अनुभव रखने वाले उद्योग जगत के प्रमुखों को शामिल किया गया है। यह विकास के मुख्य चालक के रूप में रोजगार सृजन पर बैंक के जोर के अनुरूप है।

मित्तल के अलावा, लैब के अन्य नये सदस्यों में बायर एजी के सीईओ बिल एंडरसन, डांगोटे ग्रुप के अध्यक्ष और सीईओ अलिको डांगोटे, हयात होटल्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सीईओ मार्क होपलामाजियन शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, "जैसे-जैसे लैब अपने कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर रही है, यह बुनियादी ढांचे और ऊर्जा, कृषि व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और विनिर्माण जैसे रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्योग से जुड़े प्रमुख लोगों को शामिल कर अपनी सदस्यता का विस्तार भी कर रही है।

### सबसे अधिक दबाव वाली बाधाओं की पहचान

ऐसे उद्योगों में निवेश को रोजगार और आर्थिक अवसर में बदलने की क्षमता है। लैब ने पिछले 18 महीनों में, विकासशील देशों में निजी क्षेत्र के निवेश में सबसे अधिक दबाव वाली बाधाओं की पहचान करने और कार्रवाई योग्य समाधानों का परीक्षण करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों को एक साथ लाया है।

# सोना 99,400 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा, चांदी भी चमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- स्टॉकिस्ट व आभूषण विक्रेताओं की तरफ से निकली खरीदारी
- सोने में 200 और चांदी में 700 रुपए का उछाल

स्टॉकिस्ट एवं आभूषण विक्रेताओं की तरफ से लिवाली आने और कमजोर डॉलर के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से बुधवार को 'यू-टर्न' लिया था और 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये बढ़कर 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और चीन के बीच मौजूदा व्यापार गतिरोध कुछ समय तक जारी रह सकता है जिंस बाजार के विशेषज्ञों के मुताबिक, ट्रंप और बेसेंट की टिप्पणियों से सोना में अब तक के उच्चतम स्तर से तकनीकी सुधार के तहत आई गिरावट के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प के बतौर सराफा मांग को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है। इस बीच, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

### ट्रंप के ताजा बयान से अनिश्चितता बढ़ी

अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, "सोने की कीमतों में मुनाफावसूली के कारण अल्पकालिक गिरावट के बाद तेजी आई क्योंकि धातु रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। ट्रंप के ताजा बयान से अमेरिकी आर्थिक परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ी है।

## अदाणी एनर्जी के शुद्ध लाभ में 87 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 87 प्रतिशत बढ़कर 713.66 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 381.29 करोड़ रुपये रहा था। अदाणी एनर्जी सॉल्युशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,596.39 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 4,855.18 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का खर्च 5,411.60 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 4,358.83 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 921 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,195.61 करोड़ रुपये से कम है।

# मेटा भारत में जल्द पेश करेगी एआई से लैस रे-बैन चश्मा

- चश्मा वस्तुओं का पता लगाता है और इसके बारे में बताता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सोशल मीडिया मेटा जल्द ही भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस रे-बैन-मेटा चश्मा पेश करेगी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। यह चश्मा सेंसर का उपयोग करके नजर में आने वाली वस्तुओं का पता लगाता है और उनके बारे में बताता है, इंटरनेट के बिना भी तत्काल अनुवाद करने में मदद करता है, संगीत बजाता है और प्रश्नों के उत्तर ढूंढने समेत अन्य कार्य करता है। कंपनी ने ब्लॉग में कहा, "जल्द ही, हम मेक्सिको, भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रे-बैन मेटा का चश्मा पेश करने जा रहे हैं।

*पहली बार सितंबर 2023 में किया गया पेश : इसमें कहा गया, "आप जल्द ही अपने चश्मे पर (सोशल मीडिया मंच) इंस्टाग्राम से सीधे संदेश, फोटो, ऑडियो कॉल और वीडियो कॉल भेज और प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही आप अपने आई-फोन या एंड्रॉयड फोन पर व्हाट्सएप और मैसेंजर के साथ-साथ स्थानीय मैसेजिंग (संदेश) ऐप के जरिए कॉल कर सकेंगे और संदेश भेज सकेंगे।" रे-बैन मेटा चश्मा पहली बार सितंबर, 2023 में पेश किया गया था।*

# वोडाफोन आइडिया से सिस्को को मिला ऑर्डर





**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी सिस्को को दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) से नेटवर्किंग उपकरण का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर दूरसंचार कंपनी के 4जी और 5जी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए है। वोडाफोन आइडिया ने पिछले साल नेटवर्क विस्तार में 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी, जिसके लिए उसने पहले ही नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग को शामिल कर लिया है। सिस्को ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, 'वोडाफोन आइडिया ने अपने नेटवर्क ढांचे को बदलने के लिए सिस्को के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है।

# तेजी पर विराम, सेंसेक्स 315 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सात कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद मुनाफावसूली हावी होने और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्च तिमाही के निराशाजनक नतीजों के बीच बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 315 अंक और निफ्टी 82 अंक की गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि दिग्गज कंपनियों आईसीआईसीआई बैंक एवं भारती एयरटेल में बिकवाली आने और एशियाई एवं यूरोपीय शेयरों में नरम रुख के कारण भी बाजार में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक गिरकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ।



*टीसीएस में रही गिरावट : बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इटर्नल (जोमैटो), महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट में रही तेजी : दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर बढत के साथ बंद हुए।*

*पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारी गिरावट : पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। मानक सूचकांक केएसई-100 2206.33 अंकों की गिरावट के साथ 115,019.81 पर बंद हुआ। इस हमले के बाद भारत की तरफ से उठाए जा रहे सख्त कदमों से तनाव बढ़ने का पाकिस्तान शेयर बाजार (पीएसएक्स) को झटका लगा और केएसई-100 सूचकांक कारोबारी सत्र की शुरुआत में 2,485 अंक गिरकर 114,740 अंक पर आ गया था।*

## एकमात्र जमीनी रास्ता जहां से दोनों देशों के बीच व्यापार होता है

# अटारी बॉर्डर बंद, पाक को होगा 3000 करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से 2क्ष निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कमद उठाए हैं। सरकार ने अटारी में बने चेक पोस्ट को तुरंत बंद करने का फैसला लिया है। जिसके बाद से पाकिस्तान को 3000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ेगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अटारी बॉर्डर ही एकमात्र जमीनी रास्ता है जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार होता है। भारत इस रास्ते से पाकिस्तान को सोयाबीन, मुर्गे का दाना, सब्जियां, प्लास्टिक के दाने और लाल मिर्च जैसी चीजें भेजता है।

### भारत और पाकिस्तान का व्यापारिक रास्ता

ये पोर्ट लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच एक अहम व्यापारिक रास्ता रहा है। भारत की तरफ से सोयाबीन, मुर्गे का दाना, सब्जियां, लाल मिर्च, प्लास्टिक के दाने और प्लास्टिक का धागा जैसे सामान भेजे जाते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान और अन्य देशों से भारत के सूखे मेवे, सूखे खजूर, जिप्सम, सीमेंट, कांच, सेंधा नमक और कई तरह की जड़ी-बूटियां भी आती हैं। अब इस पोर्ट के बंद होने से इन चीजों के व्यापार पर असर पड़ेगा। खासतौर से उन व्यापारियों पर जो इस सीमा पार व्यापार पर निर्भर हैं।




- भारत इस रास्ते से सोयाबीन, मुर्गी दाना, सब्जियां, लाल मिर्च आदि भेजता है

### 3,886.53 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ था

अटारी जो अमृतसर से सिर्फ 28 किलोमीटर दूर है, वो भारत का पहला लैंड पोर्ट है और पाकिस्तान के साथ व्यापार की एकमात्र जमीनी रास्ता है। ये पोर्ट 120 एकड़ में फैला हुआ है और राष्ट्रीय राजमार्ग -1 से जुड़ा है। अटारी -वाघा कॉरिडोर से हर साल व्यापार और यात्रियों की आवाजाही में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिलता है। साल 2023-24 में इस पोर्ट से 6,871 मालवाहक गाड़ियां गई थी और 71,563 लोगों ने इस रास्ते से यात्रा की थी। इस दौरान कुल 3,886.53 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ था।

### इसका क्या होगा असर

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पहले से ही कमजोर हो चुके व्यापारिक रिश्तों को एक बड़ा झटका लगने वाला है। अटारी चेकपोस्ट बंद होने के फैसले से सबसे अधिक छोटे व्यापारियों और उन उद्योगों पर असर पड़ेगा जो रोज की जरूरत की चीजों के बिजनेस पर भी निर्भर रहते हैं।

# रुपया 16 पैसे चढ़कर 85.29 पर हुआ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 85.29 (अस्थायी) पर पहुंच गया। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपये में यह तेजी आई।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर और अमेरिका में कारोबारी गतिविधियों में सुस्ती के बीच कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात गिरावट के कारण रुपया मजबूत हुआ। अमेरिकी बांड प्रतिफल में भी गिरावट आई और 10 साल का प्रतिफल 0.03 प्रतिशत गिरकर 4.35 प्रतिशत पर आ गया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.60 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चतम स्तर 85.25 और दिन के निम्नतम स्तर 85.67 के बीच रहने के बाद कारोबार के अंत में 85.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद स्तर से 16 पैसे की तेजी है।



## खबर संक्षेप



### श्रमदान कर सहेजा जल, बैठक में बनाई रूपरेखा

**ढीमरखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रतिदिन जल सहेजने को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर के कुसेरा गांव में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ कुसेरा के पुतरिया नाले में श्रमदान कर साफ सफाई किया। पानी के रिसाव वाले स्थान पर खुदाई करते हुए जल का एकत्रीकरण किया और स्थल की सफाई की। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि जंगल के बीच में बने नाले में बारिश के समय जंगल का पानी आकर रुकता है। यहाँ मवेशियों और जंगली जानवरों के पानी पीने की व्यवस्था की गई। इसके अलावा ढीमरखेड़ा विकासखंड की नवांकुर संस्था इमलिया के द्वारा प्रस्तावित आदर्श ग्राम में बैठक कर लोगों के साथ आगामी श्रमदान कार्य करने हेतु योजना तैयार किया। गांव में जागरूकता रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने आदर्श ग्राम का भ्रमण कर संस्कार केंद्र और कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, विकासखंड समन्वयक बबीता शाह, अरविंद शाह, सीएमसी एलडीपी परामर्शदाता सुमित सिंह, शैलेश दुबे, स्टूडेंट्स नीलम मौर्य, आकाश सिंह, राखी दुबे, सुधीर सिंह, शालिनी सिंह, रूबी सिंह, नरेश सिंह, रामकुमार सहित अन्य ग्रामीणों की सहभागिता रही।

### न्यू क्रिमिनल लॉ पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कटनी पुलिस कंट्रोल रूम में गत 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक न्यू क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में पदस्थ तीन डीएसपी, 10 निरीक्षक, 26 उप निरीक्षक, 28 सहायक उप निरीक्षक, 30 प्रधान आरक्षक, 31 आरक्षक, कुल 128 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। एसपी श्री रंजन ने कहा कि न्यू क्रिमिनल लॉ की जानकारी प्राप्त करने के बाद अब जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी कानून में हुए परिवर्तन के आधार पर बेहतर तरीके से अपने कार्यों को संपन्न कर सकेंगे। गौरतलब है कि कानून में हुए परिवर्तन की जानकारी प्राप्त कर उसे अपने दैनिक कार्यों में बेहतर तरीके से उपयोग में लाने एवं कानूनी कार्यवाही को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिला स्तर पर न्यू क्रिमिनल लॉ का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

### हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत हुए सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि गत देर शाम हुए इस हादसे में सदफ पिता रशीद अहमद 22 वर्ष निवासी अधारताल जबलपुर की मौत हो गई। यह अपने चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 20 टीए 1957 से वापस शहडोल की ओर से वापस लौट रहे थे। चालक की लापरवाही से इनका वाहन अनियंत्रित हो गया। इस हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी थाना क्षेत्र में हुए हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हो गया। यह हादसा खमतरा गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि विजय तिलगाम 23 साल निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा घायल हो गया। हादसे के बाद उसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। यहां पर युवक की हालत खतरे से बाहर है। मामले में शिकायत पर चालक पर मामला दर्ज किया गया है।

---

#### अधिकारियों एवं एजेंसी संचालक को पानी की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का ध्यान रखने दिये निर्देश

# भीषण गर्मी में ले सकेंगे स्विमिंग पुल का आनंद, महापौर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का चैन छीन लिया है। तेज तपिश की मार से लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। तेज धूप के चलते हवा के गर्म थपेड़े झुलसा देते हैं। गर्मी में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने गुरूवार को नगर के कटाएघाट सुरम्य पार्क स्थित स्विमिंग पूल का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में भव्य शुभारंभ किया। नागरिक गण निर्धारित शुल्क जमा कर स्विमिंग पुल का आनंद प्रतिदिन दो पालियों में ले सकेंगे। स्विमिंग पूल पी.आर.आर इंटरप्राइजेज दिल्ली की एजेंसी द्वारा आवश्यक नियमों एवं शर्तो सहित सुरक्षा संबंधी संपूर्ण उपायों के साथ संचालित किया जाएगा।

स्विमिंग पूल के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉक्टर रमेश सोनी, गोविंद चावला, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद श्रीमति रेखा पाठक, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, विजय डब्बू रजक सहित निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित नियुक्त एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी माया, निरोगी काया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन के माध्यम से निरंतर पार्क विकास के कार्य किए जा रहे है। स्विमिंग पूल नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने तैराकी को स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद बताते हुए इस सुविधा का लाभ उठाने का आह्वान किया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं संचालक एजेंसी के प्रतिनिधि को स्विमिंग पूल में जल गुणवत्ता नियंत्रण, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और समस्त आवश्यक सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### समय किया गया निर्धारित

राजस्व अधिकारी ने स्विमिंग पूल में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली का ब्यौरा देते हुए बताया कि नागरिकगण प्रतिदिन दो पालियों में प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक आनंद ले सकेंगे। तैराकी के लिए प्रति घंटे का समय निर्धारित किया गया है जिसमें 45 मिनट स्विमिंग के लिए तथा 15 मिनट चेंजिंग के लिए निर्धारित किया गया है।

स्विमिंग पूल के उपयोग के दौरान नागरिकों को आवश्यक नियम एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा। जिसके तहत उपयोग के दौरान धूम्रपान, मदिरापान, तंबाकू आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। तैराकों को समुचित कस्टयूम्स पहनकर ही तैराकी करनी होगी तथा लंबे बाल वाले तैराकों को टोपी पहनना अनिवार्य होगा।

---



# बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लिटिल स्टार फाउंडेशन में निवासरत बच्चियों के लिए लघु उद्योग भारती कटनी महिला इकाई ने विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हें स्वरोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण देना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था की सक्रिय सदस्या श्रीमती रीना कुचिया द्वारा बच्चियों को मेहंदी डिज़ाइनिंग, हल्दी थाली डेकोरेशन और साड़ी पैकिंग जैसे रचनात्मक एवं व्यावसायिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र में कुल 47 बच्चियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न विधाओं की जानकारी प्राप्त की।

महिला इकाई की सदस्यों ने बच्चियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आत्मविश्वास एवं आत्मबल के महत्व से परिचित कराया। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि इन कौशलों को सीखकर कैसे वे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

इस अवसर पर इकाई की अध्यक्षा श्रीमती प्रिया सोनी ने लघु उद्योग भारती के कार्यों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बच्चियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में बच्चियों द्वारा तैयार की गई थालियों और साड़ियों की एक सुंदर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

---

**आपत्तियों को नजर अंदाज कर दुकान खोले जाने का आरोप**

# मदन मोहन चौबे वार्ड में विरोध प्रदर्शन के बाद बंद कराई गई शराब की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मदन मोहन चौबे वार्ड में धार्मिक स्थल के पास खुली शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है। गत शाम शराब दुकान खोले जाने का स्थानीय जनों ने विरोध किया। जिसके बाद दुकान बंद करा दी गई। महिलाओं ने बताया कि यदि फिर से दुकानें खोली गई तो विरोध करते हुए दुकान के सामने मटकी फोड़ी जाएगी और दुकान का घेराव भी किया जाएगा। स्कूल-धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका रहवासियों का कहना है कि अभी जिस जगह दुकान है, वहां स्कूल- धार्मिक स्थल के साथ रहवासी इलाका भी है। ऐसे में हर रोज रहवासी परेशान हो रहे हैं। इसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना चाहिए। विरोध की जानकारी लगते ही थाना रंगनाथ नगर से एस आई श्री द्विवेदी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि यदि शराब दुकान खुलने पर स्थानीय जनों को आपत्ति है तो दुकान नहीं खुलेगी। इस दौरान शराब दुकान संचालक से लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की मांग कर अवलोकन किया इस संबंध में स्थल से तहसीलदार प्रदीप मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा की इसके उपरांत दुकान को बंद कराया।



लोगों का कहना है कि आपत्तियों को नदरअंदाज करते हुए आबकारी विभाग द्वारा देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान खोली जा रही थी और शराब भी लाकर रख दी गई थी। जैसे दुकान के सामने शराब दुकान का बोर्ड लगाया जाने लगा लोगों ने इसकी सूचना पूर्व से ही जनप्रतिनिधि सहित जिला प्रशासन को दी जिसके बाद बुधवार की शाम को बड़ी संख्या में स्थानीय जन एकत्रित हो गए और विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। भारी विरोध के चलते दुकानें बंद करा दी गई। इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भीड़ को संबोधित करते कहा कि जब तक शराब दुकान पूर्ण रूप से बंद नहीं होंगी यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

---

# मां शारदा समिति के अधिकारियों की निष्क्रियता से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

### मंदिर की सीढ़ियों में फुटपाथी दुकानदारों पर क्यों नहीं होती कार्रवाई



**मैहर।** मैहर की मां शारदा समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से मंदिर प्रांगण अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। यहां पर प्रतिबंधित क्षेत्र में समिति के जवाबदार लोगों को मुंह मांगा रुपया देकर व्यापार किया जा रहा है जिससे दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस संबधं उच्च स्तर के अधिकारी भी मौन साधे रहते हैं। मैहर के शारदा माता की मंदिर परिसर में नीचे की सीढ़ी से लेकर ऊपर मंदिर तक सीढ़ियों में फुटपाथी दुकान लगाए हुए यह किसके आदेश से हो रहा है यह सभी जानते है मगर हिस्सेदारी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता है। मां शारदा के मंदिर से नीचे उतरने वाले मुख्य द्वार पर सिदूर व फोटो लिए खड़े युवक दर्शनार्थियों को रास्ता रोककर जबरदस्ती करते है। इस 10 फिट की रास्ता में आधे से ज्यादा रास्ते में यह चना,सिंदूर,फोटो बेचने वाले दुकानदारों की भरमार रहती है। इन दुकानदारों के द्वारा के सामने खड़ें हो कर सामग्री लेने को बाध्य करते है जिससे दर्शनार्थी असहज हो जाता है। कई दर्शनार्थियों ने बताया है कि यात्रियों को आने जाने में परेशानी होती क्या यहां पर कोई व्यवस्था करने वाले नहीं है पर उन्हें कोई क्या समझाए कि मंदिर में हर क्षेत्र में लूट का बोल बाला है। मंदिर प्रांगण में यात्री निवास,मुंडन,कथा आदि स्थानों में बड़ें पैमाने पर हेर फेर होता है लेकिन कोई जांच नहीं होती है। यहां पर तो पैसा दो और मनमानी अवैध कमाई वाले स्थानों में अपनी डियूटी लगवाकर खाओ और खवाओं का धंधा सिर चढ़कर बोल रहा है।

---



# बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा के परिसर एवं तहसील कार्यालय लोक सेवा केंद्र बड़वारा में दो वाटर कूलर प्रदान कर गर्मी में शीतल पेयजल प्रदाय करबाने हेतु पुण्य कार्य किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा के मुख्य खण्ड चिकित्साधिकारी डॉ अनिल झामनानी तथा तहसीलदार बड़वारा संदीप सिंह, नायब तहसीलदार इसार खान एवं बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी एवम लोकसेवा केंद्र बड़वारा प्रबंधक राजकुमार चौधरी की उपस्थिति में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से बड़वारा के पूर्व सरपंच गया प्रसाद विश्वकर्मा, रवि राय, आराधना तिवारी, काशी विश्वकर्मा, माया गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी का योगदान रहा।

---

### 31 मई तक पुनः खोला गया पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पोर्टल

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपी टास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2024-25 का पोर्टल 31 मई तक पुनरू खोला गया है। सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के नोडल प्राचार्यों तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय तकनीकी एवं प्रशिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश ऑनलाईन आवेदन नही कर पाये थे। उन छात्र-छात्राओं हेतु पुनः पोर्टल खोला गया है। इस अवधि के पश्चात यदि कोई विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करने से वंचित रहता है तो इस हेतु छात्र-छात्रा एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे। सभी संस्थाऐं पात्र विद्यार्थियों के पोर्टल पर आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

---

**जल गंगा अभियान के तहत श्रमदान कर की गई तालाब की सफाई**

# चौपाल, संगोष्ठी एवं रैली के माध्यम से वर्षा जल संवर्धन हेतु किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्राचीन कुएं बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ-सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत रीठी के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शाहू की अध्यक्षता में पिपरिया परोहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया नंबर 2 में नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति पिपरिया परोहा के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया।



गुरूवार को ग्राम पंचायत खमरिया नंबर दो के हनुमान घाट तालाब में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु ग्राम वासियों एवम सेक्टर 5 से आई ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, सीएमसीएल डी पी के छात्र के सहयोग से श्रमदान करते हुए व्याप्त कचरा एवं गाद को निकाल कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही आसपास उगी हुई झाड़ियों की सफाई की गई।

तेज सिंह केशवाल ने उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है। जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके। विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने प्रेरक कहानी के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें जन-जागरूकता के लिए दीवार लेखन, चौपाल, संगोष्ठी रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ-सफाई विशेष रूप से शामिल है।

इस कार्यक्रम में परामर्शदाता गोवर्धन रजक,के द्वारा गुणवत्ता की जानकारी दी गई और जल संवर्धन के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम मे सहकारिता सभापति संतोष माझी ने अधिक संख्या में ग्रामीणों को इस अभियान से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

---

**85 केन्द्रों में चल रहा उपार्जन कार्य, 4230 किसानों ने बेची उपज**

# जिले में अब तक 29 हजार 70 मीट्रिक टन गेहूँ की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 4 हजार 230 किसानों से 29 हजार 70 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

### उपार्जन में बहोरीबंद अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 1295 कृषकों से 8 हजार 796 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 1123 किसानों से 6 हजार 971 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 554 किसानों ने 3 हजार 916 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 423 किसानों ने 3 हजार 511 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 488 किसानों ने 3 हजार 54 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। जबकि कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर तहसील संयुक्त रूप से छठवें पायदान पर है। जहां अब तक 161 किसानों ने 1 हजार 454 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा बरही तहसील में 98 किसानों ने 722 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इस प्रकार गेहूँ उपार्जन के मामले में बरही तहसील सातवें स्थान पर है। जबकि बड़वारा तहसील के 88 किसानों ने 645 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।



### गेहूं की बिक्री के लिए 30 अप्रैल तक कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 5 मई तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जाना है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 07 कार्य दिवस का प्रावधान किया गया है। जिले के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की गई है कि वह अपने गेहूँ के स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल तक कर सकते हैं।

जिले में कुल 9 लाख 47 हजार 99 हितग्राहियों में से मात्र 7 लाख 53 हजार 966 हितग्राहियों द्वारा ई-केवाईसी की गई है। जो कि 79.61 प्रतिशत है। जिले में अभी भी 1 लाख 93 हजार 133 हितग्राहियों की ई-केवाईसी किया जाना शेष है। जिन हितग्रहियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की गई है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी करवा लें। ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले हितग्राहियों का राशन आगामी माह में बंद होने की संभावना है।

---

# बेरोजगार युवाओं के पास स्व रोजगार का सुनहरा मौका

**उद्यम क्रांति योजना के तहत 25 लाख रूपए तक का मिलेगा ऋण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें समस्त आवेदक पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। साथ ही ऐसे युवा जो न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो एवं वार्षिक आय 12 लाख से कम हो, आवेदन कर सकते हैं।

इच्छुक युवा परियोजना प्रतिवेदन, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, बैंक पासबुक, कोटेशन, पेनकार्ड आदि समस्त दस्तावेजों के साथ एमपी आनलाईन से आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

**विदेश मंत्रालय ने कहा- पाकिस्तान से जल्द लौटें भारतीय**

**भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरतः माइकल रुबिन**



# पेंटागन के पूर्व अधिकारी बोले- अब कोई रास्ता नहीं बचा... पाकिस्तान से इजराइल जैसा बदला ले भारत

*पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बैसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है।

इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसॉर्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाकिस्तान और पाकिस्तान की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजराइल ने हमास के साथ किया। अब वक्त आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दें और उन्हें एक नामित आतंकवादी समूह के रूप में माना जाए। मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

### पाकिस्तान आतंकवादी समूहों का घर

*पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं।*

### शाह ने ओवैसी को दिल्ली बुलाया



*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय बैठक के लिए एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी को फोन करके दिल्ली बुलाया है। ओवैसी ने कहा- गृह मंत्री ने मुझे फोन किया और पूछा कि मैं कहां हूं। उन्होंने मुझे आने के लिए कहा है। मैं जल्द से जल्द दिल्ली पहुंच रहा हूं। बता दें कि इससे पहले ओवैसी ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि संसद में सदस्यों की संख्या पर गौर किए बिना सभी राजनीतिक दलों को पहलगाम सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित किया जाए।*

### पाकिस्तान उच्चायोग में केक की इंट्री



पहलगाम में आतंकी हमला के बीच दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी केक लेकर अंदर जा रहा था। मीडिया ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। पाकिस्तान दूतावास में केक लेकर जाने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान खुश है। सच्चाई चाहे जो भी हो लेकिन पाकिस्तान कर्मचारी का जवाब न देना कई सवाल खड़े करता है। भारत-पाकिस्तान संबंध का असर दिखने लगा है। दिल्ली में पाकिस्तानी दूतावास की सुरक्षा भी कम कर दी गई है। अभी पाकिस्तानी दूतावास के बाहर सन्नाटा छाया हुआ है। कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आ रहा है।

### नेतागण बोलने से पहले सोचें, आतंकवाद का धर्म होता है ये तय हो गयाः अविमुक्तेश्वरानंद



मध्य प्रदेश के सिवनी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस आतंकी हमले पर बोलते हुए कहा कि इस घटना ने प्रमाणित किया है कि आतंकवाद का धर्म होता है। इसके साथ ही उन्होंने नेताओं और सरकार को भी निशाने पर लिया। शंकराचार्य ने कहा कि यह घटना कोई सामान्य नहीं है। देश के बड़े-बड़े नेता समय-समय पर कहते रहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस घटना ने प्रमाणित कर दिया है कि नेतागण बोलने से पहले सोचिए, क्योंकि इस घटना ने प्रमाणित किया है। लोगों का धर्म पूछकर उन्हें मार दिया गया। किसी एक धर्म विशेष का होने के कारण उनको मार दिया गया। शंकराचार्य ने कहा कि इससे जो भी मतलब निकलता हो, लेकिन ये तो सिद्ध हो गया है कि आतंकवाद का धर्म होता है।

**जाना होगा**

### सीमा हैदर को छोड़ना होगा भारत, कटेगा वापसी का टिकट,संशय?



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने जो कड़े कदम उठाए हैं, उसके बाद नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर अचानक चर्चा में आ गई है। सवाल उठने लगा है कि सरकार के सार्क वीजा रद्द करने के फैसले के बाद क्या सीमा हैदर को भी 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा? दरअसल पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर 2023 में नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश की थी और अपने भारतीय पति सचिन मीणा के साथ दिल्ली में रह रही है। पब्जी खेलते-खेलते दोनों में प्यार हुआ और सीमा भारत आ गई। जानकारों का कहना है कि सरकार के फैसले के बाद सीमा को भी देश छोड़ना पड़ सकता है, लेकिन उसे इसलिए राहत मिल सकती है, क्योंकि उसके पास कोई वीजा नहीं है और उसका मामला अभी कोर्ट में है। इसके अलावा राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वो क्या फैसला लेता है। वहीं भारत ने पाकिस्तान में मौजूद भारतीयों को जल्द से जल्द वापस अपने देश लौटने के लिए कहा है। साथ ही, भारतीयों से पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।

### अटारी वाघा बॉर्डर से वापस स्वदेश लौटने लगे लोग




अटारी वाघा बॉर्डर बंद होने के बाद पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश वापस लौटने लगे। गुरुवार की सुबह कई पाकिस्तानी परिवार अटारी-वाघा बॉर्डर मार्ग के माध्यम से पड़ोसी देश लौटने के लिए अमृतसर में आईसीपी पर पहुंचे।कराची के एक परिवार ने कहा कि वे अपने रिश्तेदारों से मिलने दिल्ली गए थे। परिवार के एक सदस्य शेख फजल अहमद ने कहा कि हम 15 अप्रैल को भारत आए थे और आज हम घर लौट रहे हैं, हालांकि हमारे पास 45 दिनों का वीजा था। पहलगाम हमले अहमद ने कहा कि जिसने भी यह किया है वह पूरी तरह से गलत है। हम दोनों देशों के बीच आपसी भाईचारा और दोस्ती चाहते हैं। नफरत के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हम नफरत नहीं चाहते हैं।मंसूर नामक एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ 15 अप्रैल को 90 दिन के वीजा पर भारत आया था, लेकिन हम आज घर लौट रहे हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### मुसलमान होने के नाते शर्म आ रही हैः सलीम



**मुंबई।** बॉलीवुड सिंगर सलीम मर्चेंट भड़क गए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में उन्होंने बताया है कि इस्लाम, निर्दोष लोगों की हत्या करना नहीं सीखाता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोग इसलिए मारे गए क्योंकि वे हिंदू थे, मुसलमान नहीं। क्या ये हत्यारे मुसलमान हैं? नहीं, वे आतंकवादी हैं क्योंकि इस्लाम ऐसा नहीं सिखाता है। मर्चेंट ने वीडियो में आगे कहा, एक मुसलमान होने के नाते मुझे शर्म आ रही है कि मुझे यह दिन देखना पड़ रहा है।

### रूस के हमलों में नौ लोगों की मौत, 63 अन्य घायल



**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर बुधवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों सहित 63 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने अपने 'टेलीग्राम' चैनल पर बताया कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लग गई।

**स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गईं उषा वेंस**

# जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी। सोमवार रात वेंस दिल्ली से जयपुर पहुंचे थे। पहलगाम हमले के बाद जयपुर में सिटी पैलेस का उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था।अपनी इस भारत यात्रा के दौरान वेंस ने जयपुर में आमेर किला देखा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका संबंधों पर भाषण दिया।

इससे पहले वे बुधवार को आगरा में ताजमहल देखने गए। वेंस परिवार ने सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। साथ ही राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने वैंस और उनके परिवार के लिए डिनर की मेजबानी की। उनका यह दौरा राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूती देने वाला माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, आगरा भ्रमण के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की खबर को लेकर भी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा की साथी दुख की इस घड़ी पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले की उन्होंने कड़ी निंदा की और अमेरिका की ओर से भारत को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है

**जयपुर की दुकान पर प्याज और दाल कचोड़ी का स्वाद भी चखा**

**उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा- अमेरिका, भारत के साथ खड़ा है**







### मिठाई की दुकान पर पहुंची पत्नी उषा, 2 किलो मिठाई खरीदी

*जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को अचानक जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं। यहां उन्होंने कई तरह की मिठाइयां खरीदीं और प्याज कचौरी व दाल कचौरी का स्वाद चखा। वे मिठाई की शॉप से करीब 2 किलो मिठाई भी लेकर गई हैं। इसमें आधा किलो काजू तरबूज, 250 ग्राम काजू-बादाम, पिस्ता से बने ठंडाई लड्डू, 250 ग्राम शहद से बने हनी लड्डू और एक किलो मैंगो, स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गई हैं। रावत मिष्ठान भंडार के जनरल मैनेजर जीएल मीणा ने बताया कि इस दौरान भुदेव देवड़ा और आज्ञा देवडा ने ऊषा वेंस का स्वागत भी किया।*

**जवानों ने किया डटकर मुकाबला**

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में मुठभेड़ में सेना का एक जवान हुआ शहीद



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को तलाशी अभियान के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान डुडु-बसंतगढ़ इलाके में गोलीबारी हुई। व्हाइट नाइट कोर ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

इसमें कहा गया कि संपर्क स्थापित हो गया और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने कहा, शुरुआती मुठभेड़ में हमारा एक बहादुर जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में सर्वोत्तम चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान अभी भी जारी था।

### बीएसएफ के जवान के साथ पाक आर्मी की क्रूरता



**नई दिल्ली।** भारतीय सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में पकड़ लिया। भारतीय सैनिक को जब गिरफ्तार किया गया तो वह कथित तौर पर पाकिस्तानी क्षेत्र में भटक गए थे। भारतीय सैनिक के पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद चेनाब रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें आगे की पूछताछ के लिए एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। इस दौरान पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान की आंखों में पट्टी बांध दी। पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पकड़े गए भारतीय जवान का नाम पी.के. सिंह है, जो बीएसएफ यूनिट की 24 बटालियन में शामिल हैं। बीएसएफ चीफ डीके पाठक ने कहा कि हम पाकिस्तान रेंजर्स के संपर्क में हैं और फ्लैग मीटिंग की मांग की है। हमें उम्मीद है कि हमारे जवान को जल्द ही हमें वापस सौंप दिया जाएगा।जानकारी के मुताबिक, जवान भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर फसल काट रहे किसानों पर नजर रखे हुआ था। बॉर्डर पर किसानों को खेती करने की इजाजत दी जाती है। जब बॉर्डर पर किसान फसल बोते या काटते हैं, तो उनके साथ बीएसएफ जवानों की मौजदूगी उनकी सुरक्षा के लिए होती है।


---

**आईएसआईएस से आया मेल**

## भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर को फिर मिली धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर को धमकी मिली है। खबर है कि उन्हें ईमेल के जरिए आईएसआईएस कश्मीर ने धमकी दी है। फिलहाल, इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खास बात है कि धमकी भरा मेल ऐसे समय पर आया है, जब दो दिन पहले ही जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को भून डाला था। धमकी मिलने के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि उन्हें और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गंभीर भाजपा के पूर्व सांसद भी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब उन्हें धमकी मिली है। सांसद के कार्यकाल के दौरान साल 2021 में भी उन्हें इसी तरह का एक मेल मिला था।



### पहले भी मिली थी धमकी

अप्रैल 2022 में भी कथित तौर पर गंभीर को धमकी भरे दो ईमेल मिले थे। एक ही दिन में मिले दो संदेश में एक ही बात कही गई थी कि 'आई किल यू'। पहलगाम हमले को लेकर भी गंभीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने भारत की जवाबी कार्रवाई के बारे में लिखा था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी होगी। भारत हमला करेगा।

**ताउम्र नहीं मिटने वाले दर्द की दुखभरी दास्तां, नहीं थम रहा आंसुओं का सैलाब**

# जिस आंगन में मढा बांधकर निकली थी बारात, 7 वें दिन उठी दूल्हे की अर्थी

एजेंसी ▶▶ करनाल

अप्रैल माह की 16 तारीख और सेक्टर-7 में खुद बनाए अपने सपनों के घर का आंगन। जहां मढा बांधने के बाद नई जिंदगी की शुरुआत के लिए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बरात निकली थी मगर ठीक सातवें दिन बुधवार को उसी जगह से विनय की अर्थी उठी। जिस जगह पर मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां अब चीख पुकार मची है। महज सप्ताह भर में ही घर की खुशियां मातम में बदल गईं और माता-पिता के अलावा दादा-दादी को भी जिंदगी भर का दर्द दे गई। वहीं सबसे बड़ा दर्द पत्नी हिमांशी के लिए है, जिसने अभी ससुराल के माहौल को भी ठीक से समझा नहीं था।

पति के साथ उनकी शादी के बाद होने वाली कई रस्में भी शेष थीं। जिस मढे को खुशियों के साथ बांधा गया था, उसे भी खोलना अभी बाकी था। कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने महज छह दिनों में सात जन्मों के लिए बंधन में बंधे विनय और हिमांशी के रिश्ते को खत्म कर दिया। मंडप से पति का हाथ थाम कर जिंदगी बिताने का ख्वाब देखने वाली हिमांशी अब पति के पार्थिव शरीर पर अपने हाथ पटकते हुए पति से सहारा मांग रही है। मढा एक रस्म होती है, जिसे लड़के की शादी से पूर्व पितृ पूजन करके घर के आंगन में मटके के ढक्कन आदि को सुतली में पिरोकर बांधा जाता है और शादी संपन्न होने के बाद उसे खोलते हैं।

### शौक से पहना सुहाग चूड़ा, अब सूनी कलाइयां



*शादी से पहले हिमांशी ने शौक से सुहाग का चूड़ा पहना था। जिसके पति के जाते ही उतरने पर कलाइयां सूनी पड़ गईं। अब बेसुध हिमांशी को समझ नहीं आ रहा कि उसकी खुशियों भरी जिंदगी की शुरुआत में ही ये कैसे हो गया। साथ जीने-मरने की खाई कस्मों को आतंकियों ने तोड़ दिया। हाथों में सजा सुहाग चूड़ा भी पति के पार्थिव शरीर पर पटक कर तोड़ा गया। पति की मौत से पत्नी हिमांशी अभी भी सदमे में है। जिसे परिवार के लोग पकड़कर सहारा देने का प्रयास कर रहे हैं।*

### घर में पड़ी मिठाइयों की मिठास हो गई फीकी

इकलौते बेटे की शादी का दादा और पिता सहित रिश्तेदारों, संबंधियों ने सेक्टर-7 स्थित घर में जश्न मनाया था। सभी के लिए उन्होंने अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित किए थे। खूब मिठाइयां बांटी गई थी। मंगलवार रात तक उनके घर पर शादी की मिठाइयां थीं। जिन्हें लोगों में बांटा भी जा रहा था। मगर अचानक गम का माहौल बन गया।

### साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां, पुणे में बेटी ने दी पिता के शव को मुखाग्नि

**भावनगर।** पहलगाम में हुआ हमला पूरे देश को बड़ा दर्द दे गया। खुशियां बटोरने कश्मीर गए परिवारों ने सोचा भी न होगा कि यह सफर आखिरी होगा। हमले में मारे गए पर्यटकों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। पूरे देश के अलग-अलग राज्यों के इन मृत पर्यटकों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। हमले में मारे गए गुजरात के पिता-पुत्र की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरे शहर की आंखें नम हो गईं।



वहीं पुणे में एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। पिता की चिता से उठती आग को देख रही बिटिया की आंखों में भी न्याय की चाह दिखी। पहलगाम हमले में मारे गए पुणे के कौस्तुभ गणबोटे के जीवन का पहला सफर ही आखिरी बन गया। स्नैक्स कारोबारी गणबोटे अपने दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ जम्मू-कश्मीर गए थे। उनके पड़ोसी सुनील मोरे ने बताया कि पूरी जिंदगी कौस्तुभ गणबोटे अपने कारोबार को बढ़ाने में व्यस्त रहे। यह पहली बार था जब उन्होंने और उनकी पत्नी संगीता ने शहर से बाहर यात्रा करने का फैसला किया था। उन्होंने अपने करीबी दोस्त संतोष और उसके परिवार के साथ मिलकर इस यात्रा की योजना बनाई थी।

## खबर संक्षेप

### ऑप्टिमस ने 4 नए ड्रोन लांच किए



**नई दिल्ली।** ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स ने चार उन्नत ड्रोन लांच करने की घोषणा की। ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित निगरानी क्षमता के साथ ये ड्रोन- मारक वीटी100, वज्र क्यूसी55, कैनिस्टर लांच लॉइटरिंग म्यूनिशन और फर्स्ट पर्सन व्यू रक्षा के लिए समाधान प्रस्तुत कर मानवरहित एरियल टेक्नोलॉजी में नवीनतम हैं।

### रिफेक्स इंडस्ट्रीज के शुद्ध लाभ में वृद्धि

**चेन्नई।** रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है जो इसके एक सतत और टिकाऊ भविष्य की ओर एक और महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 629.07 करोड़ रुपए रही। जो साल दर साल 81.97 फीदी की जबरदस्त बढ़त दर्ज की। एबिटडा 63.21 करोड़ रुपए रही और 45.30 फीसदी की सुदृढ़ वार्षिक वृद्धि हुई। कंपनी की शुद्ध लाभ 57.09 करोड़ रुपए यानी 59.68 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई।

### एयू स्मॉल बैंक ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में, 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। एयू एसएफबी ने वित्तीय वर्ष 25 में एक चुनौतीपूर्ण मैक्रोइकोनॉमिक वातावरण की पृष्ठभूमि में मजबूत प्रदर्शन की घोषणा की। अपेक्षा से कम जीडीपी वृद्धि, चुनौतीपूर्ण ऋण वातावरण, कड़ी तरलता, लगातार मुद्रास्फीति और उच्च ब्याज दरें। बैंक ने 1.5 फीसदी के आरओए के साथ एक संतुलित प्रदर्शन दिया है। जबकि सख्त अंडरराइटिंग, धन की लागत का प्रबंधन और परिचालन व्यय को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

# 'कीट डीम्ड विवि' एशिया में 184वें और भारत में 8वें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

हर साल की तरह, टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की गई है और भुवनेश्वर स्थित कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को एक बार फिर उल्लेखनीय स्थान हासिल हुआ है। 2025 के घोषित नतीजे में कीट ने एशिया में 184वीं रैंक हासिल किया है, जो पिछले साल के 196वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह विकास कीट की निरंतर प्रगति और वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में इसकी बढ़ती मान्यता की पुष्टि करती है।

इस लेटेस्ट रैंकिंग के साथ कीट को भारत में सरकारी और निजी दोनों संस्थानों में 8वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली है। इसने कई प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों के बीच यह स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने पूर्वी और उत्तरी भारत में टॉप रैंक वाले डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में अपना गौरव भी बरकरार रखा है। इसके अलावा, खेल विज्ञान विषय में कीट भारत में दूसरे स्थान पर है।

एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 प्रकाशित



**कीट को डीम्ड टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा 21 साल पहले ही मिला**

गौरतलब है कि कीट लगातार प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में शामिल रहा है, जिसमें द वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स और क्यूएस रैंकिंग्स शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने आईईटी, एबीईटी एवं अन्य जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मान्यताएँ भी अर्जित की हैं, जिससे उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। उल्लेखनीय है कि सिर्फ 27 साल पुराना होने के बावजूद, कीट ने लिस्ट में मौजूद कई सुप्रतिष्ठित संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिनमें से कई 50 साल से ज्यादा समय से मौजूद हैं। इसके अलावा, गौर करें कि कीट को डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा सिर्फ 21 साल पहले ही मिला था।

**दुनिया भर के छात्र, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग जगत के नेता करते हैं भरोसा**

*इस वर्ष की रैंकिंग में 35 देशों/क्षेत्रों के 853 विश्वविद्यालय शामिल हैं। यह उनके शोध, शिक्षण, ज्ञान आदान - प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का आकलन करता है। 18 प्रदर्शन संकेतकों (मानदंडों) पर आधारित रैंकिंग पर दुनिया भर के छात्र, शिक्षाविद, नीति निर्माता और उद्योग जगत के नेता भरोसा करते हैं। कीट -कीस और कीम्स, के संस्थापक प्रो.अच्युत सामंत ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समर्पित फैकल्टीज, कर्मचारियों, छात्रों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मान्यता सामूहिक प्रयासों और मिशन-संचालित भावना को दर्शाती है, जो कीट को परिभाषित करती है। हम इस सफलता को हर उस व्यक्ति के साथ साझा करते हैं जो हमारे मूल्यों में विश्वास करता है।*

### उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ और सीबीआरई ने जारी की एक संयुक्त रिपोर्ट

# रियल एस्टेट क्षेत्र को 2022-24 में 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश मिला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने पिछले तीन कैलेंडर साल के दौरान 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया है। सीआईआई-सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार इसमें कुल निवेश का एक-चौथाई से अधिक सिर्फ मुंबई शहर को प्राप्त हुआ। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी सीबीआरई और उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक संयुक्त रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में रियल एस्टेट परिदृश्य और प्रचलित वित्तपोषण रणनीतियों का एक खाका पेश किया गया है, जिनमें इक्विटी और ऋण निवेश और एआईएफ से संबंधित रणनीतियां, तथा अन्य रणनीतिक जानकारियां शामिल हैं।

परामर्श कंपनी ने कहाकि साल 2022-24 के दौरान भारत में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा। मुंबई 6.9 अरब डॉलर के उच्चतम प्रवाह के साथ रियल एस्टेट इक्विटी निवेश में शीर्ष पर रहा। निवेश में उसकी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही। इस अवधि के दौरान मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु ने कुल मिलाकर लगभग 16.5 अरब डॉलर आकर्षित किए, जो कुल मिलाकर 62 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट 'ब्रिक्स एंड बिलियन्स - मैपिंग द फाइनेंसिंग लैंडस्केप ऑफ रियल एस्टेट में कहा गया, प्रवेश द्वार वाले शहरों का यह निरंतर प्रभुत्व निवेश-ग्रेड परियोजनाओं, मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे,कुशल प्रतिभा पूल, परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत मांग और लगातार संगठित हो रहे रियल एस्टेट पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रेरित था। भूमि/विकास स्थलों ने इक्विटी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया, जो कैलेंडर वर्ष 2022-24 के बीच कुल प्रवाह का 44 प्रतिशत था। इसके बाद निर्मित कार्यालय परिसंपत्तियों का स्थान था, जिनकी हिस्सेदारी 32 प्रतिशत थी। कैलेंडर वर्ष 2022 और 2024 के बीच, दूसरी श्रेणी के शहरों में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा आया, जो लगभग तीन अरब डॉलर था।



**मजबूत निवेशक भावना : अंशुमान**

सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के चेयरमैन और सीईओ अंशुमान मैगजीन ने कहाकि भारत का रियल एस्टेट सेक्टर विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो मजबूत पूंजी प्रवाह और निवेश के लिए तैयार सूखे पाउडर के एक महत्वपूर्ण पूल द्वारा संचालित है। मजबूत निवेशक भावना, विशेष रूप से आवासीय और कार्यालय परिसंपत्तियों में, मजबूत बुनियादी बातों और स्थिर अंतिम उपयोगकर्ता मांग द्वारा समर्थित है। चूंकि विक्रेता-खरीदार की अपेक्षाएं बाजार सुधारों के बाद भी संरेखित होती रहती हैं, इसलिए हम 2025 में कोर और मूल्य-वर्धित रणनीतियों दोनों में उच्च-गुणवत्ता वाले निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की उम्मीद करते हैं। हमारा मानना है कि यह गति बनी रहेगी क्योंकि भारत के संरचनात्मक सुधार और कॉर्पोरेट विकास दीर्घकालिक पूंजी को आकर्षित करना जारी रखेंगे।

**शहरी जीवन शैली में बदलाव : रामी कौशल**

सीबीआरई के भारत, मध्य पूर्व, अफ्रीका में परामर्श एवं मूल्यांकन सेवाओं के प्रबंध निदेशक रामी कौशल ने कहा, भारत में रियल एस्टेट निवेश की अगली लहर वैकल्पिक क्षेत्रों- डेटा सेंटर, सह-रहने की जगह और मिश्रित उपयोग विकास के विकास से परिभाषित होगी। ये क्षेत्र डिजिटल त्वरण, शहरी जीवन शैली में बदलाव और अनुकूल सरकारी नीतियों से लाभान्वित हो रहे हैं। भूमि अधिग्रहण और प्लेटफॉर्म-स्तरीय निवेश पहले से ही गति पकड़ रहे हैं।

**अधिक पारदर्शी जोखिम-कम करने वाला वातावरण तैयार हो रहा : ऋषि कुमार**

*सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष और बीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कुमार बागला ने कहाकि भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से संस्थागत हो रहा है, जिससे वैश्विक निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक पारदर्शी, जोखिम-कम करने वाला वातावरण तैयार हो रहा है। बेहतर परिश्रम ढांचे, सतत विकास जनादेश और मजबूत अनुपालन प्रोटोकॉल आदर्श बन रहे हैं। 5 में से 1 निवेशक ग्रीन बिल्डिंग को प्राथमिकता दे रहा है, इसलिए ईएसजी-नेतृत्व वाली निवेश रणनीतियां अब वैकल्पिक नहीं हैं - वे दीर्घकालिक मूल्य सृजन के लिए केंद्रीय हैं। जैसे-जैसे यह क्षेत्र अधिक संरचित और विनियमित होता जाता है, हम वैश्विक फंडों से अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं, खासकर वे जो स्थिरता और लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।*

### 'वीआईटी' ने दिया म्यांमार भूकंप राहत कार्यों के लिए 10 लाख रु.का सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, सुश्री काधम्बरी एस, विश्वनाथन ने हाल ही में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 2,45,92,500 म्यांमार क्याट (भारतीय रू. में 10 लाख के समतुल्य) की सहयोग राशि दान की है। यह योगदान वीआईटी भोपाल की ओर से दिया गया और इसे म्यांमार गणराज्य के राजदूत,ज़ॉ ओ को 24 अप्रैल 2025 गुरुवार के दिन नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में औपचारिक रूप से सौंपा गया। यह सहयोग वैश्विक मानवीय संवेदनाओं के प्रति वी आईटी भोपाल की सतत प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा संस्थान के सहानुभूति आधारित वैश्विक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

### एचपी ने पेश किए नेक्स्ट जेनरेशन एआई पीसी

**नई दिल्ली।** एचपी ने भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की का अनावरण किया। नई एचपी इलाइटबुक, एचपी प्रोबुक और एचपी ओमनीबुक सीरीज को बड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स एवं रिटेल यूजर्स की कंप्यूटिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटेल कोर अल्ट्रा 200 वी सीरीज, एएमडी राइजेन एआई 300 सीरीज और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स, एक्स इलाइट, एक्स प्लस समेत नवीनतम प्रोसेसर्स से लैस इस पोर्टफोलियो में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दी गई है।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के -लड़कियां( 22500-62500) महीना लोडर चैकर सुपरवाइजर रहना खाना फंड बोनस।- 8053979338 (रायपुर /25/अप्रैल 25)

आवश्यकता है- श्री कृष्णा हॉस्पिटल न्यु राजेंद्र नगर रायपुर के कैंटीन मे सभी स्टाफ की आवश्यकता है संपर्क करें:- 94255597710 (रायपुर /25/अप्रैल 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844


हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

### गोदरेज करेगा क्विक कॉमर्स बूम को सपोर्ट

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर की मांग को पूरा करने के साथ ही इस सेक्टर को सपोर्ट करने के लिए अपनी क्षमताओं को और भी मजबूत कर रहा है। साथ ही यह ई-कॉमर्स, रिटेल और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। जैसे-जैसे भारत का वेयरहाउसिंग क्षेत्र बदल रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप व्यवसायों को स्मार्ट, तकनीक-संचालित समाधानों के साथ सशक्त कर रहा है।


## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।


**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।


**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।


**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती


**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।


**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।


**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

### आयकर विभाग ने जारी की अधिसूचना

# 10 लाख रुपए से अधिक की लग्जरी चीजों पर अब चुकाना होगा 1 प्रतिशत टीसीएस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कलाई घड़ी, जूते , हैंडबैग, र खेलकूद के कपड़े जैसे 10 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले लग्जरी सामानों पर अब एक प्रतिशत स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने 22 अप्रैल 2025 से विलासितापूर्ण वस्तुओं की बिक्री पर 1 प्रतिशत की दर से टीसीएस लगाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। यह उन चीजों पर लागू होगा जहां बिक्री का मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक होगा।

विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर वित्त अधिनियम, 2024 के तहत टीसीएस लगाने का एलान जुलाई 2024 के बजट में किया गया था। टीसीएस का भुगतान करने की जिम्मेदारी विक्रेता पर होती है, जिसे वह ग्राहकों से ही वसूलते हैं। यह टैक्स अधिसूचित वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, कला वस्तुएं जैसे पेंटिंग, मूर्तियां और प्राचीन चीजें, संग्रहणीय चीजें जैसे सिक्के और टिकट, नौका, हेलीकॉप्टर, लग्जरी हैंडबैग, धूप के चश्मे, जूते, उच्च श्रेणी के खेल परिधान व उपकरण, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के घोड़े आदि पर लागू होगा।

**अधिसूचना सरकार की मंशा के तहत जारी की गई**



*वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन के अनुसार यह अधिसूचना उच्च मूल्य वाली चीजों की निगरानी बढ़ाने और लग्जरी सामानों से जुड़े खंड में ऑडिट ट्रेल को मजबूत करने की सरकार की मंशा के तहत जारी की गई है। यह कर आधार का विस्तार करने और अधिक वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने के व्यापक नीतिगत उद्देश्य का परिचायक है। उन्होंने बताया कि विक्रेताओं को अब टीसीएस प्रावधानों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। वहीं, अधिसूचित लग्जरी वस्तुओं के खरीदारों को ऐसी चीजें खरीदते समय और अधिक केवाईसी आवश्यकताओं और दस्तावेजीकरण का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहाकि हालांकि इस फैसले से लग्जरी सामानों से जुड़े क्षेत्र को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन इस फैसले से बेहतर नियामकीय निगरानी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।*

### मुकेश अंबानी ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की

एजेंसी ▶▶ मुंबई



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंधक निदेशक मुकेश डी अंबानी ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की मौत पर रिलायंस परिवार की ओर से शोक व्यक्त किया।


**आतंकवाद मानवता का दुश्मन: मुकेश अंबानी**

*मुकेश अंबानी ने कहाकि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इसका किसी भी तरह से, और किसी भी व्यक्ति द्वारा समर्थन नहीं किया जाना चाहिए।*

**रिलायंस का अस्पताल घायलों का करेगा मुफ्त इलाज**

रिलायंस के मुखिया ने अपने बयान में कहाकि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मौत पर रिलायंस परिवार शोक व्यक्त करता है। पीड़ित परिवारों के प्रति हम हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हम हमले में घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुंबई स्थित हमारा रिलायंस फाउंडेशन सर एच एन अस्पताल सभी घायलों का मुफ्त इलाज करेगा।

## शब्द पहेली - 5847



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना,रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम,प्यार-2
13. थोड़ा,जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन,संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्,अच्छा-2
22. दम,ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक.चिताकर्षक-5
2. वैक्स,मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ,कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता,बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न,नग-2
37. टी,चहा-2
39. याचिका,वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम,संदेह-2

**शब्द पहेली -5846 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्तो | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | म्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल - 5857

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5856 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |




# 'रुक तो जा, वो भी पैसे ले रहे हैं'... किशन के आउट होने के बाद सहवाग ने किया कमेंट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हैदराबाद के बल्लेबाज इशान किशन मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 41वें मैच में जिस तरह से आउट हुए वो अपने आप में बड़ा आश्चर्य ही था। अंपायर ने ये विकेट मुंबई को गिफ्ट कर दिया क्योंकि इशान को दीपक चाहर बॉलिंग कर रहे थे और वो जिस गेंद पर आउट हुए उसके लिए किसी ने भी इशान के खिलाफ अपील नहीं की थी।

इशान ने लेग साइड में जा रही गेंद को सिर्फ खेलने की कोशिश की और खुद को आउट समझकर पवेलियन लौटने लगे। इस पर अंपायर ने अपनी अंगुली उठा दी। अंपायर के फैसले से मुंबई के खिलाड़ी हैरान नजर आए तो वहीं इशान ने भी डीआरएस लेने की कोशिश नहीं की, क्योंकि उन्हें भी लगा कि वो शायद आउट हैं।



## सिद्धू ने अंपायर को लताड़ा

इशान के पवेलियन लौटने के बाद अल्ट्राएज से पता चला कि भाई, उनका बल्ला तो गेंद से टकराया ही नहीं थी और इशान भी डगआउट में लौट जाने के बाद काफी परेशान नजर आए थे। इशान के इस तरह से आउट होने के बाद वीरेंद्र सहवाग और नवजोत सिंह सिद्धू ने इस पर अपनी राय दी। सिद्धू ने मुंबई के खिलाड़ियों के द्वारा अपील नहीं किए जाने के बावजूद अंपायर के आउट देने के फैसले के लिए अंपायर को दोषी ठहराया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मुसीबत मोल लेना आसान है क्या आपने कभी किसी अंपायर को बिना अपील के किसी को आउट करार देते देखा है।

## ईमानदारी पर उठाए सवाल

सहवाग ने भी इशान की ईमानदारी पर सवाल उठाए और फिर उन्हें याद दिलाया कि उन्हें अंपायर की भूमिका निभाने के लिए पैसे नहीं मिल रहे हैं। इसे दिमाग की कमी बताते हुए सहवाग ने कहा कि अगर ईशान अंपायर के फैसले का इंतजार करते तो मुंबई रिव्यू का विकल्प चुनती जिससे साफ पता चलता कि वह आउट नहीं थे। इशान ने मुंबई के खिलाफ 4 गेंदों पर एक रन बनाए थे।

## अंपायर भी पैसे लेता है... फैसले तो लेने दे

क्रिकबज पर सहवाग ने कहा कि कई बार ऐसे समय पर दिमाग काम करना बंद कर देता है। यह दिमागी कमजोरी थी, रुक तो जा, अंपायर भी पैसे ले रहे हैं। उसे अपना काम करने दो। मैं इस ईमानदारी को समझ नहीं पाया। अगर यह एज होता तो यह समझ में आता क्योंकि यह खेल भावना के अनुरूप होता, लेकिन यह न तो आउट था, न ही अंपायर को यकीन था और आप अचानक से मैदान छोड़कर चले गए। तब अंपायर भी दुविधा में पड़ जाता है। रॉकी पोंटिंग कहते थे कि मेरा काम बल्लेबाजी करना है, अंपायर का काम आउट पर फैसला देना है।


खास खबर

# कोहली से फीडबैक मिलना अद्भुत अहसास : वढेरा



**कोलकाता।** पंजाब के युवा खिलाड़ी निहाल वढेरा को तब पता चला कि विराट कोहली उन्हें उनके नाम से जानते हैं तो उनके लिए यह अद्भुत अहसास था और जब उन्हें अपने खेल पर इस महान क्रिकेटर से ही 'फीडबैक' मिला तो उनका दिन ही बन गया। बारिश से प्रभावित मैच में पंजाब किंग्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर मिली पांच विकेट की जीत के दौरान नाबाद 33 रन की विजयी पारी खेलने वाले बढेरा ने कहा कि मैच से पहले जब कोहली ने उन्हें पहचाना तो वह भौंचक्के रह गए। वढेरा ने कहा, 'जब मैच से पहले विराट भाई श्रेयस अय्यर से बात कर रहे थे और उन्होंने पंजाबी में पूछा 'की हाल चाल, निहाल' (कैसे हो निहाल?)। मैं सचमुच चौंक गया था। मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें मेरा नाम याद होगा। इससे मुझे बहुत खुशी हुई।' वढेरा ने कहा कि उस पल ने उनके लिए बातचीत की शुरुआत की जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।

## किताब 'टेस्ट क्रिकेट' में 150 साल की दास्तान





**नई दिल्ली।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरुप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, 'बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात


पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### 52 साल के हुए तेंदुलकर प्रशंसकों ने दी बधाई




**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर के 52वें जन्मदिन पर, ट्विटर पर क्रिकेट प्रेमियों और उनके प्रशंसकों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सचिन को क्रिकेट के भगवान और मास्टर ब्लास्टर जैसी उपाधियों से सम्मानित किया और उनकी शानदार करियर की सराहना की। सचिन तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल 1973 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उन्होंने 1989 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और 2013 में रिटायर हो गए। उन्होंने 200 टेस्ट मैच खेले और कुल 663 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उनके नाम 100 अंतरराष्ट्रीय शतक और 34,347 रन (वनडे और टेस्ट) हैं। आज वह 52 साल के हो गए।

आईपीएल : आठ मैचों में दो जीत से अंतिम दो स्थान पर दोनों टीमें

# चेन्नई और हैदराबाद 6-6 हार से निराश जीत से प्लेऑफ की उम्मीद होगी जीवंत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे।

चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा।

### सलामी जोड़ी नहीं चलने से खुली सनराइजर्स की पोल

सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी। पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।





### चेन्नई के बल्लेबाज भी फेल

चेन्नई के बल्लेबाज भी इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं। महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### पिच को लेकर कोच नाराज

चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग यहां की पिच को लेकर खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए मददगार माना जाता है लेकिन इस बार यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है।

### रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी निभाएंगे बड़ी भूमिका



**हैदराबाद।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और टीम को रिकॉर्ड छठा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। बोल्ट ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लेकर मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। बोल्ट ने कहा, 'मुंबई की पूरी टीम में विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और रोहित को परिचय की कोई जरूरत नहीं है। हर कोई टीम की जीत में योगदान देना चाहता है लेकिन रोहित पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। वह सत्र के बाकी मैचों में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाएगा।'

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473, 2702442, Fax No. 0761-2660048 email: cepurez@yahoo.in CIN: U40109MP2002SGC015120
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/84 Jabalpur, dtd: 11.04.2025
TENDER NOTICE
Online Tenders are invited for following items:-

| S. No. | TS No.(For e-Tendering) Discom- EZ/Pur | Name of Item | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 15.00 Hrs (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS No.1560 (e-Tendering No.) 2025_PKVVC _415061_1 | Appointment of empaneled accredited energy auditing firm for carrying out Monitoring and Verification energy audit of distribution network of MPPKVVCL, Jabalpur | 1.64 | 590 | 01.05.2025 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in
Save Energy For Better Tomorrow
"बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें' CGM (S&P)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र)**
// निविदा सूचना //
(1ST Call)
निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज. /प्रकाश/2025 26/03/पी.आर.ओ./67 दिनांक 24/04/2025 | Side Lighting work at Diff. Loc. in Ward No. 79 Jabalpur. | 03 माह एवं 392078/- | 2000/- एवं 3921/- | 26/05/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**
ई-टेंडरिग निविदा आमंत्रण
बालाघाट जिले के विकासखण्डो के ग्रामों में 125 / 115 एम. एम. डाया के साधारण नलकूप खनन कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) मे एम. पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रकिया की जावेंगी निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई-टेरिंग पद्धति क्रमांक | निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत(राशि रू. लाख में) | धरोहर राशि राशि (अर्नेस्ट मनी) रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 2025_PHED_ 418104_1 | 01/21.04.2025 | 14.27 | 28540/- | 2000/- | 2 माह | 07.05.2025 | 09.05.2025 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत |
| 2025_PHED_ 418106_1 | 02/21.04.2025 | 14.27 | 28540/- | 2000/- | 2 माह | 07.05.2025 | 09.05.2025 | |
| 2025_PHED_ 418111_1 | 03/21.04.2025 | 14.27 | 28540/- | 2000/- | 2 माह | 07.05.2025 | 09.05.2025 | |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mpterders.gov.in पर देखी जा सकती है।
नोट :-
1-सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल http://www.mpterders.gov.in में पंजीयन करायें।
2-निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनो को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://www.mpterders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेगें "निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए. टी. एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही क्रय किये जा सकतें है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
G-11917/25 बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)

**कार्यालय जनपद पंचायत बिछिया, जिला मण्डला (म.प्र.)**
क्रमांक 670 सामा न्याय./ ज. पं. 2025 निविदा सूचना बिछिया दिनांक 24/04/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद पंचायत बिछिया द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह / निकाह समारोह दिनांक 05/05/2025 विवाह ग्राम पंचायत- रामनगर में आयोजित है, उक्त कार्यक्रम हेतु डेकोरेशन साउण्ड एवं भोजन व्यवस्था किये जाने हेतु पंजीक्रत ठेकेदारों सेवाप्रदाताओं एवं संविदाकारों से वेबसाईट www. mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाए दिनांक 25/04/2025 सांय 10.30 बजे से दिनांक 01/05/2025 सांय 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदाएं दिनांक 03/05/2025 को अपराह 10.30 बजे कार्यालय जनपद पंचायत बिछिया में खोली जायेगी।

| क्र. | टेण्डर आईडी | सामग्री का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DoPR_ 419255_1 | डेकोरेशन- साउण्ड व्यवस्था भोजन (चावल, दाल, सीजनल सब्जी (दो प्रकार की ) पापड रायता / कढी. पुडी एवं जलेबी) भरपेट भोजन | 50000 | 2000 | निमार्ता / अधिकृत विक्रेता/ सेवा प्रदाता | 02 दिवस |

नोट निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www. mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बिछिया

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना बरघाट जिला सिवनी म.प्र.**
क्रमांक/था. प्रा./बरघाट/499/2025 दिनांक 17/4/2025
// वाहन नीलामी सूचना //
आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना बरघाट जिला सिवनी (1) अपराध क्रमांक 669/21 धारा 4,5.9 गोवंश प्रति. अधि11 (1) (घ) पशुओं के प्रति कूरता अधिनियम, 429.34 भादवि., (2) अपराध क्रमांक 462/24 धारा 4.5.6 गोवंश प्रति. अधि.. 4,5,9 म. प्र. पशु क्रूरता अधि. (3) अपराध क्रमांक 338/24 धारा 4.5.6 गोवंश प्रति. अधि., 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि. (4) अपराध क्रमांक 133/23 धारा 4,5,6 गोवंश प्रति. अधि., 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि (5) अपराध क्रमांक 542/23 धारा 4,5,6 गौवंश प्रति. अधि.. 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि., (6) अपराध क्रमांक 648/22 धारा 4.5.6 गोवंश प्रति. अधि. 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि., (7) अपराध क्रमांक 83/22 धारा 4,5,6 गोवंश प्रति. अधि., 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि. (8) अपराध क्रमांक 83/22 धारा 4.5.6 गोवंश प्रति. अधि., 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि. (9) अपराध क्रमांक 668/14 धारा 4.5.6 गोवंश प्रति. अधि. 4.5.9 म.प्र. पशु क्रता अधि. (10) अपराध क्रमांक 213/24 धारा 4.5.6 गोवंश प्रति. अधि., 4.5.9 म.प्र. पशु क्रूरता अधि., में 10 नग दो पहिया एवं चार पहिया वाहन विभिन्न कंपनियों के क्रमांश 10 नग वाहन नीलाम किया जाना है। वाहन का निवर्तमान अनुमोदित ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम बोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्ककाल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वापस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तीन दिन में संम्पूर्ण राशि जमा करनी होगी वरना धरोहर राशि राजसात होगी। निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है बाद में कोई आपति मान्य नहीं होगी। नीलामी विक्रय उपरान्त पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, निविदा की अंतिम प्रकिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय का अंतिम अधिकार निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- रुपए नगद रसीद के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नहीं होंगे एवं जमानत राशि 50,000/- जमा करानी होगी जो वापसी योग्य नही होगी या वाहन क्रय करने की दशा में विलोपित किये जायेगे। धरोहर राशि राजकोष में जमा की जावेगी।

| क्रमांक | वाहन क्रमांक | वाहन प्रकार |
|---|---|---|
| 01 | एमपी 09 एमडी 1547 | टीवीएस स्टार सिटी |
| 02 | एमपी 22 एमबी 4135 | बजाज डिस्कवर |
| 03 | MH31CN3506 | स्कार्पियो |
| 04 | एमपी 22 एसबी 2369 | एक्टीवा |
| 05 | एमपी 20 एफ 8442 | हुंडई सैंट्रो |
| 06 | सीजी 04 ए 7211 | स्वीफ्ट कार |
| 07 | एमपी 50 एम क्यू 3266 | ड्रीम नियो |
| 08 | एमपी 22 डी 5876 | बजाज चेतक स्कूटर |
| 09 | यू पी 73 ए 2324 | ट्रक |
| 10 | एम पी 22 एम जे 2910 | हीरो होंडा स्पेंलेंडर |

उपरोक्त वाहनों की नीलामी दिनांक 28-04-2025 दिन सोमवार को समय 12:00 बजे स्थान थाना परिसर बरघाट जिला सिवनी में की जावेगी। आज दिनांक 17 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
नीलामी स्थान: थाना परिसर बरघाट जिला सिवनी, नीलामी दिनांक - 28.04.2025 दिन सोमवार, समय - 12.00 बजे, संपर्क करें मो.नं. 8269052466
थाना प्रभारी
G-11912/25 थाना बरघाट, जिला सिवनी

**कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी**
MOB. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501
सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना
ई.निविदा विज्ञप्ति
कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में प्रथम वर्ष क्षेत्र तैयारी कार्य के तहत क्षेत्र सुरक्षा कार्य में उपयोग हेतु चैनलिंक जाली सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 14/05/2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 10,00,000/- रुपये (रुपए दस लाख रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | प्री.बिड मीटिंग | दिनॉक 02/05/2025 को दोपहर 12.00 बजे से |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की तिथी एवं समय | अंतिम दिनांक 14/05/2025 को सायं 5:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 15/05/2025 को सायं 05:00 बजे |

(गौरव शर्मा) भा.व.से.
वन मंडल अधिकारी
G-11920/25 सामान्य वनमंडल कटनी

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन एवं सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.**
प्र. क्र - 0012 / अ-82/2024-25 प्ररूप- क (नियम 4 देखिए) नरसिंहपुर दिनांक:- / /2025
राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परियोजना विकासक का नाम | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर म.प्र. |
| 02 | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | भौरझिर पटना घघरौला कोठिया बिछुया से नरवारा तिराहा मार्ग हेतु भूमि अर्जन। |
| 03 | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 01. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा 02.उप संचालक सामाजिक न्याय व नि:शक्तता नरसिहंपुर 03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चावरपाठा 04. सरपंच ग्राम पंचायत कोठिया 05. हल्का पटवारी ग्राम कोठिया |
| 04 | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | नरसिंहपुर |
| (ख) | तहसील | गाडरवारा |
| (ग) | ग्राम/नगर | कोठिया |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | निजी भूमि 1.418 हे0 |
| (ड) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | कुल रकबा 1.418 हे0 (खसरावार सूची पृथक से संलग्न है) |
| 05. | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | भौरझिर पटना घघरौला कोठिया बिछुया से नरवारा तिराहा मार्ग। |
| 06 | प्रभावित क्षेत्र | प्रभावित क्षेत्र 1.418 हे0 |
| 07 | क्या ग्राम सभाओं और / या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है | नहीं |
| 08 | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के छः माह के भीतर |

( शीतला पटले )
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,
मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

### बार काउंसिल से जवाब भी मांगा, कोरोनाकाल का आधार लेकर कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव किया था पारित

# मप्र स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउन्सिल का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने बार काउंसिल से जवाब तलब भी किया। अखिल भारतीय सयुंक्त अधिवक्ता मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्र कुमार वलेजा व नरेंद्र जैन की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिका में मप्र स्टेट बार काउंसिल के 7 जुलाई 2024 को पारित प्रस्ताव को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी व मनोज सनपाल ने कोर्ट को बताया कि उक्त प्रस्ताव के अनुसार यह निर्धारित किया गया है कि कोविड कॉल के दौरान स्टेट बार काउंसिल के कार्य पर विपरीत प्रभाव हुआ है। इस कारण कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाया जाए। तर्क दिया गया कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 8 के अनुसार बार काउंसिल की कार्यकारिणी का कार्यकाल पांच वर्ष तक होता है। नियमानुसार, 5 वर्ष की गणना उस तारीख से की जाती है, जिस तारीख को स्टेट बार काउंसिल के निर्वाचन की अधिसूचना प्रकाशित की जाती है। यदि तय समय सीमा के बाद पुनः चुनाव नहीं कराये जाते है, तो बार काउंसिल



ऑफ इंडिया कार्यकाल 6 माह हेतु बढ़ा सकती है। लेकिन, इसके लिए उन्हें विधि अनुसार उचित कारण बताना होगा। ये शक्तियां स्टेट बार काउंसिल के पास नहीं हैं। फिर भी काउंसिल ने 15 अक्टूबर 2025 को कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व ही 11 फरवरी 2024 को कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलवाई । उक्त बैठक में कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके बाद 07 जुलाई 2024 को उक्त प्रस्ताव को सामान्य सभा में पास कर दिया गया। साथ ही बार काउंसिल ऑफ इंडियाको भी सूचना देने का अनुमोदन दे दिया गया।

## हाई कोर्ट ने अध्यक्ष व सदस्यों के नियुक्ति आदेश पर मांगा जवाब

### -राज्य स्तरीय पर्यावरण समाधान निर्धारण प्राधिकरण का मामला

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने राज्य स्तरीय पर्यावरण समाधान निर्धारण प्राधिकरण के अध्यक्ष व सदस्यों के नियुक्ति आदेश को चुनौती के प्रकरण में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। जवाब के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया। नर्मदा शिक्षा एवं जन कल्याण समिति नर्मदापुरम के अध्यक्ष गौरव सेठ की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें कमेटी के अध्यक्ष शिव नारायण सिंह चौहान व सदस्य डा. सुनंदा सिंह रघुवंशी, सदस्य राकेश कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार सिंह अहिरवार, डा. पल्लवी भटनागर, डा. सुनीता व डा. सुशील मंदेरिया के नियुक्ति आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि वह उक्त पद धारण करने की योग्यता नहीं रखते हैं। आवेदक की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के लिए शासन के नोटिफिकेशन-2006 में नियम जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार उक्त पद पर वही व्यक्ति नियुक्त हो सकता है, जिसके पास पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के अनुभव के साथ प्रोफेशनल एक्सपर्ट की योग्यता होनी चाहिए, जबकि नियुक्त किए गए सभी व्यक्तियों के पास एक्सपर्ट की योग्यता नहीं है। लिहाजा, वे उक्त पद धारण करने के योग्य नहीं है। उक्त नियुक्तियों को अवैधानिक मानते हुए निरस्त किया जाए।



# हवाओं के वेग से पारे की उछाल

**सूर्योदय से सूर्यास्त तक गर्मी के तेवर तीखे**

**जबलपुर।** उत्तर पश्चिमी हवाओं की रफ्तार तेज होने के कारण तापमान स्थिर बना हुआ है। गर्मी का प्रभाव पूरी तरह से बरकरार है। चारों तरफ गर्मी का असर देखा जा रहा है। दिन में धूप असहनीय होने लगी है। रात में भी पश्चिमी हवाओं की गर्माहट बनी रहती है। सूर्योदय से सूर्यास्त तक धूप की तपन तेज गर्मी का अहसास करा रही है। खास बात यह है कि हवाओं की तेज रफ्तार के कारण दिन का तापमान औसत से ऊपर है जबकि रात का तापमान औसत से 3 डिग्री नीचे चल रहा है। लेकिन मौसम शुष्क और हवा में नमी घटने के कारण गर्मी का तीखा प्रभाव बना हुआ है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 40.08 डिग्री सेल्सियस पर रूक गया, जो समान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 21.05 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। हवा मे नमी प्रातःकाल 33 प्रतिशत और सायंकाल 10 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5 बजकर 41 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 35 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.00 डिग्री ओर न्यूनतम तापमान 24.00 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक 44.2 डिग्री तापमान रतलाम जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# 3 लाख 26 हजार बिना टिकिट रेल यात्रियों पर कार्रवाई

**जबलपुर रेल मंडल ने 47.15 करोड़ जुर्माना वसूला**

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में (1अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) तक मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 47.15 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्रित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन एवं शशांक गुप्ता के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह ,धर्मेंद्र कुमार सिंह की टीम के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई। जाँच के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिना टिकट यात्रा के 3 लाख 26 हजार मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे को रुपये 27.29 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए 3.48 लाख यात्री पकड़े गए, जिनसे रेलवे को रुपये 19.73 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 7086 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 12.83 लाख का रेल राजस्व प्राप्त हुआ । इस प्रकार दिनांक 01अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने के पकड़े गए कुल 6 लाख 82 हजार मामले से रेलवे को रुपये 47.15 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि उचित टिकट लेकर ही रेलों में यात्रा करें, ई-टिकट प्रतीक्षा सूची अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें।

# क्या सागर से आ रही थी नकली खाद..?

## नुनसर चौकी में पिकअप वाहन रोका, कृषि विभाग ने सैंपल लिए

**जबलपुर।** पाटन रोड पर नुनसर चौकी के पास पुलिस ने डीएपी उर्वरक (खाद) से भरा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। दरअसल इस पिकअप वाहन में नकली डीएपी भरे होने की आशंका है। देर रात पुलिस ने इस पिकअप वाहन को जब्त कर मामलें को रफा दफा करने की कोशिश की, तो किसान संघ सक्रिय हो गया और पाटन एसडीएम और कृषि विभाग को भी इसकी सूचना दे दी। दरअसल भारतीय किसान संघ को किसानों ने अनेक बार शिकायत की थी कि सागर से नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में जबलपुर सप्लाई की जा रही है। डीएपी की कमी न हो इसलिए किसान अभी से स्टॉक करने में लगे हुए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर से जबलपुर आ रहे पिकअप वाहन को पाटन थाने की



नुनसर चौकी पुलिस ने अवैध परिवहन की आशंका पर सुबह चैकिंग के दौरान रोका और पिकअप वाहन को चौकी में खड़ा करा दिया। इससे पहले कि मामला रफा दफा हो पाता, इसी बीच किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेताओं को इसकी जानकारी दे दी और किसानों ने एसडीएम सहित कृषि विभाग को सूचित कर दिया। बताया गया है कि जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि वाहन में लोड़ डीएपी की बोरियों में नकली खाद भरी है। जिसके बाद कृषि विभाग के अमले ने मौके पर पहुंचकर डीएपी खाद के सैंपल भी लिए। इधर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि गुरुवार की सुबह 6 बजे जांच के दौरान सागर पासिंग पिकअप वाहन में डीएपी खाद का परिवहन करते हुए नुनसर पुलिस चौकी में रोका गया। वाहन चालक से डीएपी परिवहन से संबंधित दस्तावेज व बिल मांगे गए तो उसके पास नहीं थे। वहीं कुछ ऐसी शिकायतें भी आ रही थी कि नकली खाद का भी परिवहन हो रहा है।

लिहाजा प्राथमिक परीक्षण करते हुए खाद्य विभाग को सूचना दी है। खाद्य विभाग ने खाद्य का सेंम्पल लिया है। जानकारी के मुताबिक शाम तक सेंपल की रिपोर्ट आएगी। वहीं वाहन मालिक को भी बुलाया गया है। आगे की कार्रवाई कृषि विभाग के प्रतिवेदन पर की जाएगी।

# आज सुबह जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी अमृत भारत ट्रेन

## स्टेशन में स्वागत की भव्य तैयारियां की गई

**जबलपुर।** सहरसा, बिहार से चलकर मुम्बई तक जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आगमन जबलपुर स्टेशन पर शुक्रवार को सुबह 6:45 बजे होगा। पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से गुजरने वाली यह पहली अमृत भारत ट्रेन होगी जिसकी जबलपुर स्टेशन पर स्वागत की बड़ी तैयारियां की जा रही हैं।

गाड़ी संख्या 05595 स्पेशल ट्रेन सहरसा से आज 11:40 बजे प्रस्थान कर खगड़िया जंक्शन, समस्तीपुर, मुज्जफरपुर, हाजीपुर जंक्शन, सोनपुर जंक्शन, पाटलिपुत्र, दानापुर,आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर पहुंचकर अगले दिन शुक्रवार को प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर होते हुए सुबह 3:45 बजे सतना पहुंचेगी। तथा जबलपुर स्टेशन पर सुबह 6:45 बजे आगमन होगा।



यहां 10 मिनट ठहरने के पश्चात ट्रेन 6:55 बजे गंतव्य के लिए रवाना होगी तथा भुसावल, जलगांव,नासिक रोड,कल्याण एवं ठाणे होते हुए रात्रि 23:30 बजे एलटीटी पहुंचेगी। यह ट्रेन प्रतिदिन चलेगी अथवा साप्ताहिक रहेगी अभी इसका केवल उद्घाटन वाला टाइम टेबिल जारी किया गया है।रेलवे बोर्ड की तरफ से अभी इस ट्रेन के ऑफिसिएल टाइम टेबिल का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। बहरहाल इस ट्रेन के आगमन को लेकर स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के अंदर भारी उत्साह है। कल जब यह ट्रेन जबलपुर स्टेशन पर पहुंचेगी तो इसका स्वागत पूरी गर्मजोशी के साथ किया जाएगा।

## 10 हाथियों की मौत की जांच पूरी नहीं

### एनजीटी के आदेश का पालन नहीं, मुख्य सचिव को नोटिस भेजा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों की सुरक्षा खतरे में हैं, उनकी मौते हो रही लेकिन अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का भी पालन नहीं हुआ। यह नोटिस डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव की ओर से प्रदेश के मुख्य सचिव को भेजा गया। उमरिया के चंदिया में 10 हाथियों की मौतत की जांच एक वर्ष बाद भी पूरी नहीं हुई और निलंबित अधिकारियों को बहाल कर दिया गया है। जबलपुर के बरगी में 28 नवंबर 2020 को करंट लगने से हाथी की मौत हुई, लेकिन किसी भी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई। एड. प्रभात यादव ने नोटिस में बताया कि बरगी में हुए हाथी के मौत के संबंध में दायर याचिका में कहा गया है कि मध्यप्रदेश ''एलीफेंट बियरिंग स्टेट'' नहीं है, अतः प्रदेश में भटक कर आ रहे हाथियों की जीवन सुरक्षा हेतु गाईड लाईन बनाना चाहिए। एनजीटी भोपाल ने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गठित मॉनिटरिंग समिति तथा प्रदेश के मुख्य वन्य जीवन वार्डन को 23 फरवरी 2021 को निर्देश जारी कर कार्रवाई करने को कहा है, लेकिन न तो अभी तक जांच पूरी नहीं हुई, न ही अधिकारियों पर कार्रवाई हुई।

# क्रिकेट सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत रात आदि प्लाजा के सामने शताब्दीपुरम में ऑनलाईन क्रिकेट का सट्टा खेल रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपए नगद व मोबाइल जब्त किया है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत रात लार्डगंज पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आदि प्लाजा के सामने शताब्दीपुरम में मोबाइल में आईपीएल क्रिकेट का मैच खेल रहे शताब्दीपुरम लार्डगंज निवासी 34 वर्षीय रोहित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। रोहित आईपीएल क्रिकेट मैच मुम्बई वर्सेस हैदराबाद के मैच पर हार जीत का दाव लगा रहा था। मोबाइल पर सट्टा की यूजर आईडी मिली है। आईडी के संबंध में पूछताछ पर रोहित ने बताया कि उसने अमित चौरसिया से आईडी



ली है। पुलिस ने आरोपी रोहित गुप्ता के कब्जे से एप्पल कम्पनी का आईफोन तथा नगदी 15 हजार रूपये जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी रोहित गुप्ता एवं अमित चौरसिया के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एवं 49 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्यवाही की गई।

# गलत ट्रेन में चढ़ने से भुसावल पहुंच गये रामनरेशाचार्य

**इधर जबलपुर से भोपाल के बीच लापता होने की खबर से मचा हड़कंप**

**जबलपुर।** भोपाल से जबलपुर आ रहे रामानंद संप्रदाय के प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य महाराज के अचानक ट्रेन से लापता हो जाने की खबर से हड़कंप मच गया। देशभर से उनके शिष्य जमा होने लगे, इस बीच स्वामी जी भुसावल के पास मिल गये। दरअसल भोपाल से जबलपुर आते समय स्वामी जी पिपरिया स्टेशन में टहल रहे थे, वो गलत ट्रेन में सवार हो गये। स्वामी जी के पिपरिया के बाद से लापता होने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया. तमाम रेलवे पुलिस को खबर दी गई।

इंदौर ग्वालियर जबलपुर से उनके शिष्य जबलपुर और भोपाल में जमा हो गये थे। इस बीच उनके सुरक्षा कर्मियों ने जबलपुर जीआरपी पहुंचकर स्वामी जी के लापता होने की शिकायत भी दर्ज करा दी थी। देर शाम उनके एक शिष्य विवेक अवस्थी ने ईएमएस को बताया कि स्वामी जी गलत ट्रेन में सवार हो गये थे और भुसावल पहुंच गये। इसकी जानकारी मिलने पर उन्हें लेने के भुसावल रवाना हो गये। श्री अवस्थी स्वयं भुसावल के रास्ते पर बढ़ चुके थे और उन्हें लेकर जबलपुर आएंगे उल्लेखनीय है कि जगदगुरु रामानंदाचार्य पद प्रतिष्ठित स्वामी रामनरेशाचार्य रामानंदी वैष्णवों की मूल आचार्यपीठ श्रीमठ, पंचगंगा घाट, काशी के वर्तमान पीठाधीश्वर हैं। इस पीठ को सगुण और निर्गुण रामभक्ति परंपरा और रामानंद संप्रदाय का मूल गादी होने का गौरव प्राप्त है। रामानंद संप्रदाय को वैरागी और रामावत संप्रदाय भी कहा जाता है। श्रीवैष्णव संप्रदाय में यह साधु, संतों, श्रीमहंतों की सबसे बड़ी जमात है। देश में सबसे ज्यादा व्यवस्थित मठ, आश्रम और साधु-संत इसी संप्रदाय के हैं। जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राममंदिर बनाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हराव की पहल पर गठित रामालय ट्रस्ट के संयोजक रहे हैं।

### पांडे चौक में मचा हड़कंप, आरोपी गिरफ्तार

# सिरफिरे ने बाजार में खड़ी आधा दर्जन कारों में की तोड़फोड़

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत एक सिरफिरे युवक ने गुरुवार की सुबह करीब 8:30 पांडे चौक के पास सड़क के दोनों ओर खड़ी आधा दर्जन लग्जरी कारों में रॉड लेकर तोड़फोड़ कर दी। बताया जा रहा कि युवक वहीं का रहने वाला है और नशे करने का आदी है। इस युवक के हरकतों से एक रिटायर्ड सीएसपी की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि पांडे चौक के पास गुरुवार की सुबह सड़क किनारे पांच छः कारे पार्क थी, लोग सब्जी मंडी खरीददारी करने आए थे। इस बीच क्षेत्र में रहने वाला नशेड़ी रोहित लारिया के दिमाग में सनक सवार हो गया और लोहे की रॉड लेकर उसने कारों में तोड़फोड़ करना शुरु कर दिया। एक कार रिटायर्ड सीएसपी हरिओम शर्मा की भी



थी। हालांकि कार में वे मौजूद नहीं थे। उनके परिजन बाजार करने गए थे। इसी बीच क्षेत्र में रहने वालें रोहित लारिया ने एक-एक कर सभी कारों के कांच तोड़ना शुरु कर दिए और वाहनों की बॉडी पर भी रॉड पटकी। युवक की हरकतें देखकर पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्रीय लोगों ने पहले तो मौके से पूरी घटना से पुलिस को अवगत कराया फिर थाने पहुंचकर प्रकरण भी दर्ज करा दिया। इससे पहले कि कार मालिक और क्षेत्र के अन्य लोग उसे पकड़ पाते, वह रिटायर्ड सीएसपी सहित आधा दर्जन कारों के कांच तोड़ चुका था। कुछ लोगों ने हिम्मत करके उसे पकड़ा और उसके हाथ से रॉड छीनकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी नशा करने का आदी था नशे के पागलपन में उसने यह वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 327, 427, 506 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240